


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 213

ग्वालियर, बुधवार, 22 सितंबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### ऑयल इंडिया लिमिटेड ने स्कूली छात्रों के लिए तेल के कुओं का अध्ययन दौरा आयोजित किया

**नई दिल्ली।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत उत्सव के हिस्से के रूप में, ऑयल इंडिया लिमिटेड ने 20 सितंबर को दुलियाजान में ऑयल इंडिया हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों के लिए ओसीएस 5 के तहत तेल के कुएं की साइट एनएचके 43 के लिए एक अध्ययन यात्रा का आयोजन किया। ऑयल इंडिया लिमिटेड के प्रोडक्शन इंजीनियरों ने छात्रों को क्रिसमस ट्री के कार्यों के बारे में बताया। कैसे पेड़ यानी वाल्व, स्पूल, प्रेशर गेज और चोक का एक संयोजन एक पूर्ण कुएं के वेलहेड पर लगाया जाता है जो ओआईएल के उत्पादन को नियंत्रित करता है। उन्हें निम्न और उच्च दबाव वाले कुओं के बारे में भी बताया गया। लगभग 80 छात्रों ने आज साइट का दौरा किया और हाइड्रोकार्बन के उत्पादन की प्रक्रिया में गहरी रुचि दिखाई। सत्र के अंत में छात्रों से भी उत्पादन कुएं, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस से संबंधित सरल प्रश्न पूछे गए।

### जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों ने समय रहते आईईडी का पता लगाकर बड़ा हादसा टाला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले के उच्च सुरक्षा वाले गोगो इलाके में सुरक्षा बलों ने समय पर एक आईईडी का पता लगा कर एक बड़े हादसे को टाल दिया। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि यह क्षेत्र कई संवेदनशील रक्षा और नागरिक प्रतिष्ठानों के करीब है, जिसमें श्रीनगर हवाई अड्डा, तकनीकी हवाई अड्डा, जम्मू-कश्मीर सेना की लाइट इन्फैंट्री का मुख्यालय शामिल है। उन्होंने बताया कि वहां संभावित विध्वंसक गतिविधियां होने की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सोमवार रात ही सेना और पुलिस ने गोगो इलाके की घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू कर दिया था। अधिकारियों के अनुसार, तलाश अभियान के दौरान ही आईईडी बरामद हुआ और तुरंत ही बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया, जिसने उसे निष्क्रिय कर दिया।

### उत्तराखंड में कोई दलित बने सीएम, कांग्रेस इसके लिए लगातार काम कर रही

**देहरादून।** उत्तराखंड में कांग्रेस के प्रचार अभियान प्रभारी हरीश रावत ने कहा कि वह एक दलित को राज्य के मुख्यमंत्री के पद पर देखना चाहते हैं, उनकी पार्टी लक्ष्य को हासिल करने के लिए काम करेगी। पार्टी की परिवर्तन यात्रा के दौरान हरिद्वार जिले के लकसर में जनसभा को संबोधित कर रावत ने कहा कि कांग्रेस ने पंजाब में एक दलित को मुख्यमंत्री बनाकर इतिहास रचा है। रावत ने कहा,आजीवन गाय के गोबर से कंडे बनाने वाली महिला के बेटे को मुख्यमंत्री बनाकर कांग्रेस ने ना केवल पंजाब में बल्कि पूरे उत्तर भारत में इतिहास रचा है। पंजाब कांग्रेस के एआईसीसी प्रभारी रावत ने कहा,जब पंजाब के नए मुख्यमंत्री अपने गरीब परिवार के बारे में बता रहे थे,तब हम सबकी आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने दलित के बेटे को पंजाब का मुख्यमंत्री बनाने के लिए सोनिया और राहुल गांधी को धन्यवाद देकर कहा कि इतिहास में इसतरह के मौके बेहद कम देखने को मिले हैं, जब ऐसी नजीर पेश की गई। रावत ने कहा, मैं भगवान और मां गंगा से प्रार्थना करता हूं कि मुझे मेरे जीते जी एक दलित के बेटे को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के तौर पर देखने का अवसर मिले।

### पोर्न मूवीज बनाने के आरोपी राज कुंद्रा दो महीने बाद आए जेल से बाहर

**मुंबई।** पोर्न मूवीज बनाने के आरोप में कारोबारी राज कुंद्रा जमानत मिलने के बाद मंगलवार को जेल से बाहर आए। वह बीते दो महीनों से मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद थे। जेल के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह 11:30 बजे राज कुंद्रा को जेल से बाहर निकाला गया। सोमवार को ही मुंबई की एक अदालत ने 50,000 रुपये का बॉन्ड जमा कराने का आदेश देते हुए राज कुंद्रा की जमानत अर्जी को मंजूर कर लिया था। राज कुंद्रा के अलावा उनके कर्मचारी और सह-आरोपी रयान थोर्प को भी अदालत ने सोमवार को जमानत दे दी थी। 19 जुलाई को ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया था। राज कुंद्रा और उनके सहयोगी पर आरोप है कि उन्होंने पोर्न मूवीज बनाई और पैसे कमाने के लिए उन्हें कुछ ऐप्स पर शेयर किया था। आर्थर रोड जेल में बद रहे राज कुंद्रा बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस रहीं शिल्पा शेट्टी के पति हैं। पुलिस ने अश्लील सामग्री परोसने, आईटी एक्ट के उल्लंघन समेत कई मामलों में उन्हें गिरफ्तार किया था। इस मामले में पुलिस की ओर से चार्जशीट दाखिल किए जाने के बाद राज कुंद्रा ने शनिवार को अपनी बेल अर्जी दी थी। राज कुंद्रा ने वकील प्रशांत पाटिल के माध्यम से अपनी अर्जी में कहा था कि उन पर लगे आरोपों को लेकर पर्याप्त सबूत देने में पुलिस असफल रही है। उनका कहना था कि पोर्न फिल्म तैयार करने और उन्हें ऐप पर अपलोड करने में उनकी सक्रिय भूमिका के सबूत नहीं हैं।

# मुख्यमंत्री श्री चौहान 1000 करोड़ की लागत के 73 कार्यों का करेंगे लोकार्पण



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जन-कल्याण और सुराज अभियान में 22 सितंबर को दोपहर 12 बजे मिंटो हॉल में एक हजार करोड़ से अधिक की लागत के 73 विकास कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। साथ ही 402 शहरों को 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा पर 299.04 करोड़ रूपये सिंगल क्लिक से वितरित करेंगे। कार्यक्रम का प्रसारण दूरदर्शन, यू-ट्यूब, फेसबुक लाइव और वेबकास्ट के माध्यम से किया जायेगा।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने जानकारी दी है कि भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में 13, इंदौर में 15, सागर में 2, जबलपुर में 17, उज्जैन में 19, रीवा में एक, ग्वालियर-चंबल में 6 और मध्यप्रदेश निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के 6 विकास कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। भोपाल संभाग में 242 करोड़ 61 लाख 46 हजार के 13 कार्यों का लोकार्पण होगा। इनमें महालक्ष्मी 551, आवासीय परिसर निर्माण, रूक्र2 माता मंदिर से न्यू मार्केट मार्ग निर्माण, पेयजल योजना शमशाबाद, ट्रेक्टीकल परियोजना अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर प्लेस मेकिंग कार्य, नगर के विभिन्न वार्डो में सीसीरोड़ एवं नाली निर्माण तथा मसानिया तलाई में सीसी निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य, वार्ड 29 नेहरू नगर पुलिस लाईन उद्यान का विकास, नेहरू नगर में डूरूस्कूल के पास उद्यान का विकास, ट्रांसपोर्ट नगर में व्यवसायिक परिसर में निर्माण, यादगारे शाहजहानी एक्सटेंशन उद्यान का विकास, जोन 18 इण्डस कॉलोनी में 7 उद्यानों का विकास और वार्ड क्र. 14 बस स्टेण्ड पर यात्री प्रतीक्षालय निर्माण सिलवानी शामिल हैं।

जबलपुर संभाग में 49 करोड़ 57 लाख 50 हजार रूपये की लागत के 11 कार्यों का लोकार्पण होगा। इनमें गांधी लाईब्रेरी, आधार तल पार्क विकास, चन्द्रशेखर आजाद पार्क विकास, शिव नगर पार्क विकास, दमुआ के वार्ड क्र.-13 में नगरपालिका भवन निर्माण कार्य, आदर्श नगर पार्क विकास, रोड सेफ्टी इक्यूपमेंट, योजना क्रमांक-5 विजय नगर अंतर्गत 27 नग विला ड्यूपलेक्स का निर्माण एवं परिसर का बाह्य विकास कार्य, योजना क्रमांक-11 द्वि.च., शताब्दीपुरम के अंतर्गत मध्यम वर्ग के हितग्राहियों हेतु 48 नग एमआईजी भवनों का निर्माण एवं परिसर का बाह्य विकास कार्य, योजना क्रमांक-2ब, बाजनामठ के अंतर्गत 21 नग ड्यूपलेक्स भवनों का निर्माण एवं परिसर का बाह्य विकास कार्य, योजना क्रमाक-14 आईएसबीटी के समीप शॉपिंग कॉम्पलेक्स (39 दुकानें, 21 ऑफिस, 25 होटल/ रेस्टोरेंट रूम) का निर्माण कार्य एवं परिसर का बाह्य विकास कार्य शामिल हैं। उज्जैन संभाग में 313 करोड़ 39 लाख 45 हजार रूपये की लागत से निर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण होगा। इनमें अमृत योजना अतंर्गत सीवरेज परियोजना, सीवरेज परियोजना, इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मेनेजमेंट सिस्टम, नूतन स्कूल परिसर का निर्माण, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी शॉपिंग कॉम्पलेक्स (45 दुकानें), गणेश कॉलोनी स्कूल का निर्माण, वार्ड क्र.-40 शंकरपुर में आरसीसी उच्च स्तरीय टंकी निर्माण, वार्ड क्र.-4 में और निमावर में रैन बसेरा का लोकार्पण शामिल है।

# कोई भी बच्चा कुपोषित न रहे, इसके लिये लें संकल्प



### चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सारंग ने जिला स्तरीय कार्यक्रम को किया संबोधित

**भोपाल।** चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि कोई भी बच्चा कुपोषित न रहे, इसके लिये संकल्प लें। कुपोषित से सुपोषित करने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी बच्चे की माँ की होती है। सरकार तो लगातार प्रयास कर कुपोषण को दूर करने में सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि बच्चे संस्कारी, संयमित, अनुशासित हों और देश के अच्छे नागरिक बनें, देश पर प्राण न्यौछावर करने वाले हों।

मंत्री श्री सारंग भोपाल में आयोजित महिला-बाल विकास के जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास जरूरी है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि बच्चे स्वस्थ हों और अपने हुनर से देश का नाम रोशन करें। श्री सारंग ने कहा कि देश और प्रदेश में कोई भी कुपोषित न हो, इसके लिये सरकार कटिबद्ध है। यह विकास और कल्याण की सरकार है। मंत्री श्री सारंग ने खण्डवा के पंधाना में कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का वर्चुअली संबोधन सुना। उन्होंने महिला-बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के हित-लाभ वितरित किये। उन्होंने कुपोषित से सामान्य श्रेणी में आये बच्चों की माताओं को पोषण अधिकार सूचना-पत्र दिये। मातृ वंदना योजना के हितग्राहियों को राशि भुगतान का प्रमाण-पत्र और लाड़ली लक्ष्मियों को छात्रवृत्ति भुगतान के प्रमाण-पत्र भी वितरित किये। कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई पोषण प्रदर्शनी का अवलोकन किया। श्री सारंग ने कन्या-पूजन कर उनके पैर पखारे।

# सांसदों और विधायकों को कभी भी 'शिष्टता, मर्यादा और गरिमा' की लक्ष्मण रेखा को पार नहीं करना चाहिए : नायडू



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में, भारत की संसद और विधायिकाओं को दूसरों के लिए उदाहरण स्थापित करना चाहिए। आज उप राष्ट्रपति निवास में द महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा के राजनीतिक नेतृत्व और शासन में एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम करने वाले छात्रों के साथ बातचीत करते हुए उपराष्ट्रपति ने संसदीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने और सुशासन के लिए प्रक्रियाओं को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया, क्योंकि देश अपनी स्वतंत्रता के 75वें वर्ष का समारोह मना रहा है। उपराष्ट्रपति, राज्यसभा के सभापति भी हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की निष्क्रिय विधायिकाएं संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांत की जड़ पर प्रहार करती हैं। उन्होंने कहा कि सांसदों और विधायकों को सरकार की आलोचना करने का पूरा अधिकार है लेकिन उन्हें कभी भी कोई बिन्दु बनाते समय शिष्टता, मर्यादा और गरिमा की लक्ष्मण रेखा को पार नहीं करना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने यह भी दोहराया कि लोगों को चार बहुत महत्वपूर्ण गुणों या 4 सी-चरित्र, आचरण, योग्यता और क्षमता के आधार पर ही अपने प्रतिनिधियों का चयन और चुनाव करना चाहिए। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, हमारी चुनावी प्रणाली इन 4-सी गुणों के स्थान पर अवांछनीय 4-सी यानी जाति, समुदाय, नकदी और अपराधिता के अन्य सेट से विकृत हो रही है। नायडू ने कहा कि वह हमेशा यही चाहते हैं कि युवा न केवल राजनीति में सक्रिय रुचि लें, बल्कि उत्साह के साथ राजनीति में भी शामिल हों और ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण के भाव के साथ लोगों की सेवा करें। उन्होंने कहा कि आदर्श व्यवहार विचारधारा से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि दुर्भाग्य से राजनीति सहित सभी क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों के दौरान मूल्यों और मानकों में तेजी से गिरावट आई है।

# मैंने अपने धन का पूरा-पूरा हिसाब रखा था, उसे देख खुश हुए टैक्स अधिकारीः सोनू सूद




**मुंबई।** पिछले साल कोरोना वायरस लॉकडाउन में प्रवासी मजदूरों की मदद करके सुर्खियों में आए अभिनेता सोनू सूद पर टैक्स चोरी के आरोप लगे हैं। 2 दिन बाद सोनू सूद ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कहा था कि उनके पास मौजूद एक-एक पैसे का इस्तेमाल लोगों की मदद के लिए किया जाएगा। अब एक इंटरव्यू में सोनू ने कहा है कि टैक्स अधिकारी उनके जवाब और कामों से संतुष्ट थे। अपने एक इंटरव्यू में सोनू ने कहा उन्होंने जो भी डॉक्यूमेंट्स और डिटेल्स मांगे, हमने दिए। उन्होंने जो भी सवाल पूछे, मैंने उनका जवाब दिया। मैंने अपना काम किया और उन्होंने अपना। उन्होंने जो भी सवाल उठाए, हमने उन सभी का दस्तावेजों के साथ जवाब दिया। यह मेरी ड्यूटी है और हम अभी भी उन्हें दस्तावेज दे रहे हैं और यह प्रक्रिया का हिस्सा है। सोनू सूद ने कहा कि टैक्स अधिकारी भी उनके पेपरवर्क से खुश थे और उन्होंने माना कि सोनू सूद ने अच्छा काम किया है।

सोनू ने कहा मैंने उनसे पूछा- आपने कभी ऐसा डॉक्यूमेंटेशन, डीटेल्स और पेपरवर्क देखा है? उन्होंने कहा- नहीं। उन्हें जो कुछ दिखा उससे वे खुश थे। उन्होंने कहा कि छापेमारी में इन 4 दिन उन्हें कोई दिक्कत नहीं आई। अपने अकाउंट में अवैध विदेशी पैसा आने के आरोपों पर सोनू ने कहा कि यह सारा पैसा सीधे लोगों की मदद के लिए जा रहा था और उन्होंने एक भी डॉलर अपने पास नहीं रखा है। सोनू ने कहा मेरे पास इस समय 54 हजार अनरीड मेल, वॉट्सऐप, फेसबुक, ट्विटर पर हजारों मेसेज है। मुझे 18 करोड़ खर्च करने में 18 घंटे भी नहीं लगते लेकिन मैं इस बात को सुनिश्चित करता हूं कि एक-एक पैसे का सही इस्तेमाल हो और वह जरूरतमंद आदमी तक पहुंचे। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने शनिवार को आरोप लगाया कि सोनू सूद और उनके सहयोगियों ने 20 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी की है।







# आरोगय केन्द्रों में दवाओं के रख-रखाव पर आशा कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण





शिवपुरी।

पोहरी ब्लॉक में संचालित परियोजना के 15 गॉव मे आरोग्य केन्द्र संचालित है इन केन्द्रों के संचालन की जिम्मेदार आशा कार्यकर्ताओ के पास है इन आशा कार्यकर्ताओं की क्षमता वृद्धि समय समय पर किया जाता है विकास संवाद समिति द्वारा संचालित समुदाय आधारित कुपोषण प्रबधंन के तहत परियोजना के 15 गॉव की आशा कार्यकर्ताओं की आरोग्य केन्द्र में दवाओं के रखरखाव पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन मंगलवार को किया गया यह प्रशिक्षण विकास संवाद कार्यालय पोहरी पर किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक आमीर खान बीईई समुदाय स्वास्थ्य केन्द्र पोहरी तथा विकास संवाद के अजय यादव रहे। प्रशिक्षण में आई सभी आशा कार्यकर्ताओं का स्वागत अजय यादव द्वारा किया इसके बाद आमीर खान बीईई द्वारा आरोग्य केन्द्र में दवाओं का रख रखाव कैसे किया जाता है इस पर चर्चा की गई इसमें आशाओं द्वारा बताया गया कि हमे अपने विभाग से जो दवा मिलती है उसे हम अपने केन्द्र में रखते है और उन्हे समुदाय के लोग बीमार होते है उस समय देते है। आमीर खान द्वारा दवाओं के रख रखाव व उपयोग को लेकर चर्चा की गई जिसमें आरोग्य केन्द्र पर उपलब्ध दवाओं के उपयोग के बारे में एक एक दवा को लेकर समझाया गया जैसे ओ आर एस को उपयोग कैसे करें इस पर बारीकी से समझातें हुऐ बताया गया कि आप लोग कैसे देते है आशाओं से चर्चा के बाद बताया गया कि ओ आर एस देने से पहले जो दे रहा है या मरीज स्वयं ले रहा है उन्हे पहले अपने हाथों को हैण्ड बॉश 6 स्टेप में करें इसके बाद एक लीटर पानी जो आर ओ का हो का उवालने की जरूरत नही है परन्तु कुआ या हैण्ड पम्प का है तो पानी को उवाल कर ही उपयोग करना है और इसका उपयोग 24 घण्टे तक ही करना है इसके बाद दूसरा तैयार करना है इसी के साथ ही आरोग्य केन्द्र में रखी जाने बाली दवाओं के उपयोग पर एक एक से एक दम बारीकी से समझाया गया इसके बाद अजय यादव द्वारा आरोग्य केन्द में दवाओं के रख रखाव पर बताया हमे दवाओं का रख रखाव के लिऐ दवाओं को डिव्वों में रखना चाहिऐ और जिसकी एक्सपाईरी हो गई है उसे तुरन्त निकाल कर फेंक देना चाहिऐ तथा किसी भी मरीज को दवा देने से पहले एक्सपाईरी दिनॉक देख ले तथा केन्द्र में दवाओं के साथ उपकरणों का भी हमें ध्यान देने की जरूरत है जिसमें बीपी मशीन, बजन मशीन यादि का ध्यान रखें और अपने केन्द्र

## अनुशासनहीनता के चलते अनुसुईया आश्रम से निष्कासित हुए बुच्ची बाबा

शिवपुरी।



बाणगंगा के पास स्थित परमहंस अनुसुईया आश्रम पर अवैधानिक रूप से कब्जा जमाकर अनुशासनहीनता करने वाले श्यामसुंदर उर्फ बुच्ची बाबा को चित्रकूट





अनुसुईया आश्रम के प्रमुख महाराज श्री चिदानंद जी (चोला महाराज) ने उन्हें आश्रम से निष्कासित करने की कार्रवाई की है। यह जानकारी आश्रम प्रमुख चिदानंद जी महाराज द्वारा जारी एक प्रेस नोट के माध्यम से दी है। कार्रवाई के पश्चात चिदानंद जी महाराज ने अपनी उपस्थिति में परमहंस अनुसुईया आश्रम पर लगे बोर्डो से अनुसुईया आश्रम नाम पर पुताई करवा दी है। प्रेस नोट के माध्यम से महाराज श्री ने अपने अनुयायियों और भक्तगणों से अपील की है कि बुच्ची बाबा से अब वह कोई संबंध न रखें। उनका अब अनुसुईया आश्रम चित्रकूट से कोई संबंध नहीं है। अगर वह अनुसुईया आश्रम के नाम से कहीं भी लेन-देन या कोई अन्य गतिविधियां करते हैं तो इसके लिए वह स्वयं ही उत्तरदायी होंगे। इसमें आश्रम की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## अपहरणकर्ता शायद स्वयं चलकर थाने आऐगा अब : 50 दिन में भी 9 वर्षीय पूजा अपहरणकर्ता से मुक्त नही

शिवपुरी।



खबर एसपी आफिस शिवपुरी के जनसुनवाई कि हैं जहाँ थाना क्षेत्र नरवर से एक 9 वर्षीय मासूम का अपहरण पिछ्ली जुलाई को कर लिया गया था। नरवर थाना पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया,लेकिन अभी तक पुलिस अपहत्त हुई 9 वर्षीय बालिका को अपहरण कर्ता के चंगुल से मुक्त नही करा सकी है,बालिका के पिता ने आज एसपी आफिस पहुंचकर आवेदन दिया और अपनी मासूम को अपहरण कर्ता से बरामद करने की गुहार लगाई।जैसा की विदित हैं कि नरवर थाना क्षेत्र से बीते 25 जुलाई को पूजा उम्र 9 साल का अपहरण बल्ली बघेल पुत्र हीरालाल बघेल निवासी उमरीकला थाना भौंती जिला शिवपुरी ने कर लिया था। जिसकी रिपोर्ट पूजा के पिता ने थाना नरवर में की जिस पर से अपराध क्रमांक 189 धारा 363 की कायमी आरोपी के विरूद्ध की गयी थी, लेकिन आज तक नरवर पुलिस द्वारा न तो आरोपी को गिरफतार किया गया है और न ही पीड़िता की पुत्री का पता लगाया जा सका। पीड़िता के पिता चंद जाटव का कहना है कि पुलिस अधीक्षक महोदय को पूर्व में भी आवेदन दिया गया था। लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसे लेकर पीड़िता के माता–पिता बहुत परेशान है। जब नरवर पुलिस द्वारा 2 महिनें से इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गई,आज पुन~ अपहृत के माता पिता ने एसपी आफिस पहुंचकर आवेदन दिया और अपनी अपहृत बेटी को मुक्त कराने की गुहार लगाई हैं।

# 103 करोड का महाघोटाला: जांच समिति ने खोजे गायब हुए 80 करोड़ रूपए

### अभी भी 23 करोड लापता शिवपुरी ब्राच के 3 कर्मचारी सस्पैंड

शिवपरी।



जिला सहकारी बैंक में हुए 103 करोड के महाघोटाले का अब पटाक्षेप होने की कगार पर है। सहकारता आयुक्त भोपाल के आदेश पर बनी जांच समिति ने बैंक से गायब हुए 103 करोड रूपए में से लगभग 80 करोड रूपए खोज लिए हैं। लेकिन अभी बाकी बचे 23 करोड रूपयो का कोई हिसाब किताब नही मिल रहा हैं। इस मामले में अब कई लोगो पर मामले दर्ज होने की संभावना हैं। फिलहाल इस घोटाले में मैन ब्रांच शिवपुरी के 3 कर्मचारियो को सस्पैंड कर दिया गया हैं। जांच दल ने अपनी जांच में पाया कि सीसीबी शाखा कोलारस के कैशियर (भृत्य) राकेश पाराशर ने तत्कालीन ब्रांच मैनेजरों के संग मिलकर साल 2013 से लेकर जुलाई 2021 तक करीब 80 करोड़ 50 लाख रुपए का गबन किया हैं। इससे पूर्व जब जांच दल ने जांच की शुरूवात की थी जब कोलारस शाखा के कैशियर राकेश पाराशर पर 5 करोड रूपए गायब करने का आरोप था। राकेश पाराशर पर कोलारस थाने में एफआईआर हो चुकी हैं ओर अब पूरा का पूरा पाराशर परिवार कोलारस से गायब हैं। प्रशासन ने राकेश पाराशर की सपत्ति पर अधिग्रहण और कुर्की के वोट चस्पा कर दिए हैं। 103 करोड के इस महाघोटाले की 1 महिने में जांच हुई हैं। जांच समिति ने अपनी जांच सौंप दी हैं और इस जांच में सिद्ध हुआ कि कोलारस शाखा में इस घोटाले को 80 प्रतिशत अंजाम दिया गया हैं। साल 2013 से जुलाई 2021 तक गबन हुआ हैं। और कोलारस शाखा के कैशियर राकेश पाराशर ने 80 करोड रूपए का गबन किया हैं। 2013 से 2021 तक इस शाखा में 3 बैंक मैनेजर पदस्थ रहे हैं।

जांच रिर्पोट आने के बाद सीसीबी शिवपुरी की महाप्रबंधक लता कृष्णन ने जिला स्तर पर पांच लोगो को जिम्मेदार माना हैं। गबन के समय ध्यान नही देन पर मैन ब्रांच के लेखा शाखा प्राभारी रामप्रकाश त्यागी, सहायक लेखापाल हरिवंश शरण श्रीवास्तव और सीबीएस प्रभारी प्रभात भार्गव को निलबिंत कर दिया हैं। कोलारस शाखा में 2013 से 2016 तक बैक मैनेजर की पोस्ट पर रहे श्रीकृष्ण शर्मा का निधन हो चुका हैं,साल 2016 से 2019 तक पदस्थ रहे ब्रांच मैनेजर राकेश कुलश्रेष्ठ रिटायर हो चुके हैं। बताया जा रहा है कि कोलारस शाखा में साल 2013 से जुलाई 2021 तक पदस्थ रहे जितने भी बैंककर्मी इस घोटाले में जिम्मेदार हैं उनके खिलाफ फिर नए सिरे से एफआईआर होने की संभावना हैं। बैंक अपना पैसा वसूलने के लिए जिम्मेदारो की चल अचल संमत्ति कुर्की की कार्रवाई की जाऐगी,जिससे नुकसान की भरपाई कुछ हद तक हो सके।

फोटो~ङ्क0238

## प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्चुअल रूप से आंगनबाड़ी भवनों तथा पोषण वाटिकाओं का किया लोकार्पण

शिवपुरी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गुजरात में पहली बार मुख्यमंत्री बनने से लेकर प्रधानमंत्री तक सुशासन के लगातार 20 वर्ष पूर्ण करने पर जनकल्याण और सुराज अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत 7 अक्टूबर तक कई कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।इस क्रम में नवनिर्मित आंगनवाडियों का लोकार्पण, पोषण वाटिकाओं का लोकार्पण और कुपोषित से सामान्य श्रेणी में आए बच्चों की माताओ को पोषण अधिकार सूचना पत्र का प्रदाय, मातृ वंदना योजना के हितग्राहियों को राशि का भुगतान एवं लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति का भुगतान संबंधी कार्यक्रम मंगलवार को जिले की एनआईसी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में आयोजित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में वर्चुअल तौर पर भोपाल से प्रसारित प्रदेश के मुख्यमंत्री का कार्यक्रम लाइव टेलीकॉस्ट के माध्यम से सभी ने देखा। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग राज्य मंत्री सुरेश धाकड़ राठखेड़ा, विधायक वीरेंद्र रघुवंशी, जिलाध्यक्ष राजू बाथम सहित लाभान्वित हितग्राही कार्यक्रम में मौजूद रहे।जिले की एनआईसी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में लाड़ली लक्ष्मी योजनांतर्गत तीन हितग्राही कु.अभिलाषा जाटव, कु. तमन्ना जाटव एवं कु.निशा खान को लाभान्वित किया गया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत श्रीमती जूली रावत एवं श्रीमती दमयंती बाथम एवं श्रीमती शीला चिडार को लाभान्वित किया गया। पोषण अधिकार सूचना पत्र श्रीमती मनीषा शाक्य, श्रीमती शारदा रजक एवं श्रीमती रीना राठौर को प्रदाय किए गए।

## योजना की जानकारी आमजन तक पहुँचाने 30 सितम्बर तक चलेगा आयुष्मान पखवाड़ा

शिवपुरी। आयुष्मान भारत निरामयम् योजना की जानकारी आम नागरिकों और हर पात्र व्यक्ति को देने के लिए 30 सितम्बर तक आयुष्मान पखवाड़ा आयोजित होगा। बुधवार 15 सितम्बर से प्रारंभ आयुष्मान पखवाड़ा में अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने और जनसंवाद, ऑनलाइन संवाद के कार्यक्रम आयोजित कर योजना के प्रावधानों से हितग्राहियों को अवगत कराया जा रहा है। अब तक प्रदेश में 2 करोड़ 50 लाख से अधिक पात्र परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये है। पखवाड़े के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अस्पतालों और अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रशास्ति- प्रत्र दिये जायेंगे। आयुष्मान योजना का प्रदेश में 23 सितम्बर 2018 को क्रियान्वयन शुरू किया गया था। योजना के तीन वर्ष पूरे होने पर 23 सितम्बर 2021 को आयुष्मान भारत दिवस के रूप में मनाया जायेगा। आयुष्मान योजना में पात्र परिवार को एक वर्ष में योजना में इम्पेनल्ड अस्पतालों में 5 लाख रूपये तक का निःशुल्क उपचार दिया जा रहा है।

## खबर का असर: खनियांधाना पुलिस की कार्यवाही, दो अलग अलग जगहों से की 6 हजार 2 सौ लीटर लहान के साथ आरोपी गिरफ्तार





शिवपुरी। दैनिक नवनीत एक्सप्रेस की खबर का बडा असर हुआ है। जिसके चलते खनियांधाना पुलिस ने कार्यवाही को अंजाम देते हुए 22 लीटर कच्ची शराब के साथ 3 हजार लीटर लहान जप्त कर 3200 लीटर लहान नष्ट किया है। इस खबर का प्रकाशन दैनिक नवनीत एक्सप्रेस ने अपने अंक शिवपुरी में कभी भी मच सकता है कच्ची शराब से हाहाकर, खुलेआम चल रहा है कच्ची शराब का कारोबार खनियाधाना नामक शीर्षक से प्रमुखता से किया था। इस खबर प्रकाशन के बाद खनियांधाना टीआई मौके पर पहुंचे और उक्त कार्यवाही को अंजाम दिया है। खबर प्रकाश ने बाद एसपी राजेश सिंह चंदेल ने तत्काल खनियांधाना थाना प्रभारी डीएसपी विंदुसार सिंह को मौके पर भेजकार कार्यवाही के लिए आदेशित किया। जिसपर पुलिस टीम ने दो अलग अलग जगहों पर दबिश देकर कार्यवाही की जहाँ द नन्दवारा गांव एवं खिरिया मे कच्ची शराब की फैक्ट्री पर कार्यवाही की। इस कार्यवाही के दौरान वहां प्लास्टिक के 17 ड्रम मिले जिनमे कच्ची शराब बनाने का लहान भरा हुआ था एवं हाथ भट्टी की 22 लीटल कच्ची शराब जप्त कर लहान को एवं शराब बनाने की सामाग्री को पुलिस टीम द्वारा नष्ट किया गया । आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 आवकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर प्रकरण विवेचना मे लिया गया।

## शहर में गंदगी का अंबार~ सुबह शाम सडकों पर निरीक्षण करेंगे अधिकारी, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

शिवपुरी।



जिले में मौसमी बीमारियां दिन व दिन पैर पसारती जा रही है। जिसके चलते शहर में लगातार अस्पताल में मरीजों की संख्या बढती जा रही है। इसी के चलते आज कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने अपने अधीनस्थ अधिकारीयों को आदेश जारी किया है। आदेश जारी करते हुए कलेक्टर ने कहा है कि कोरोना संक्रमण, डेंगू, चिकनगुनिया आदि विभिन्न मौसमी बीमारियों तथा वर्षा आदि के कारण नालों, नालियों में गंदगी रुकावट से फैली गंदगी, अवरोध तथा क्षतिग्रस्त सड़कों के निरीक्षण, सुधार को दृष्टिगत रखते हुए कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग शिवपुरी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद शिवपुरी को निर्देशित किया जाता है वह संयुक्त रूप से प्रतिदिन नगरीय क्षेत्र का सुबह और शाम भ्रमण करेंगे। तथा उक्त कारणों से व्याप्त गंदगी की साफ-सफाई, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराते हुए सार्वजनिक सड़कों पर पशु इत्यादि से होने वाले अवरोधों को भी हटवायेंगे। ताकि आवागमन बाधित होने के कारण भीड एकत्रित नहीं हो सके कोरोना गाईडलाईन का पूर्ण पालन करावे। यह भी आदेशित किया जाता है कि अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनुविभाग शिवपुरी के पास यदि समय की उपलब्धता हो तो उक्त अधिकारी उनसे चर्चा कर सप्ताह में दो बार उनके साथ पूरी शहर की सड़कों का भ्रमण करेंगे साथ ही प्रतिदिन किए गए भ्रमण एवं कार्य की प्रगति से संबंधित जानकारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनुविभाग शिवपुरी को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएंगे।

# कोरोना काल के बाद पहली बार जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी पीड़ितों की फरियाद

### एएसपी से फरियादी बोला साहब मेरे बेटे का मर्डर मार्च में हो गया था तब से अब तक पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज नहीं किया और आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं

### कलेक्टर से पीड़िता बोला साहब मेरा बिजली मीटर तेज भाग रहा तेज और बिजली कंपनी के अधिकारी नहीं कर रहे सुनवाई





भिण्ड। कोरोना काल में जनसुनवाई होना बंद हो गई थी, जिस कारण कई लोग परेशान चल रहे थे, लेकिन अब फिर से अफसरों ने पीड़ितों की सुनवाई शुरु कर दी है मंगलवार को जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एएसपी कमलेशसिंह खरफुसे के पास एक पीड़ित पहुंचा और बोला साहब मेरे बेटा की हत्या मार्च महीने में की गई थी। अब तक पुलिस ने इस मामले में कोई सुनवाई नहीं की। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम किया है, जबकि मेरे बेटे की हत्या की गई है। हत्या आरोपी खुलेआम घूमे रहे है। यह बात मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान पुलिस मुख्यालय में अपनी फरियाद सुनाते हुए सुरपुरा निवासी कैलाश जाटव ने कही। पीडित ने बताया कि मेरा बेटा नीशू सुरपुरा में गल्ला व्यापारी के यहां मजदूरी करता था। मजदूरी के पैसों को गल्ला व्यापारी के पास बहन की शादी के लिए जमा कर रहा था। पीड़ित ने पुलिस को यह भी बताया कि 29 मार्च को मेरे बेटे ने पैसा लिए। इसके बाद आरोपियों द्वारा मेरे पुत्र नीशू को अटेर ले गए और उसका मर्डर कर दिया। अब पुलिस इस मामले को दावा रही है। नीशू की हत्या के साक्ष्य पुलिस ने जुटाए है। इसके बाद भी पुलिस पूरे मामले में आरोपियों को नहीं पकड़ रही है। वहीं, जनसुनवाई में बारे का पुरा में रहने वाले संतोष जाटव ने भी पुलिस के सामने आवेदन दिया है। इसमें फरियादी ने कहा कि उस पर झूठा छेडछाड का मुकदमा दर्ज कराया गया।

### कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम ने की जनसुनवाई

कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस समेत अन्य प्रशासनिक अफसरों ने जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान भीम नगर में रहने वाली रूबी जैन ने कलेक्टर के समक्ष शिकायती आवेदन देते हुए कहा कि मेरे घर में पति और ससुर है। ससुर बुजुर्ग है। पति टिक्की का ठेला लगाते है। पिछले एक साल से मेरा बिजली मीटर तेज भाग रहा है। हर महीने चार से पांच हजार का बिल आ रहा है। बिजली अफसरों से शिकायत करने पर कोई सुनवाई नहीं होती है। जनसुनवाई में लोहार पुरा मौ के रहने वाले मानवेंद्र सिंह यादव ने भी शिकायत की है। पी?ित ने बताया कि वो रतवा हाईस्कूल में अतिथि शिक्षक लंबे समय से था। स्कूल के प्राचार्य ने अतिथि शिक्षक पर रखने के लिए रिश्वत मांगी। मैंने पैसा देने से इनकार कर दिया। इसके बाद मुझे स्कूल से हटा दिया। स्कूल में पदस्थ अटल बिहारी यादव के छोटे भाई को अतिथि शिक्षक के पद पर रख लिया है। जबकि अटल विहारी के भाई के पास डीएड व बीएड नहीं है। फर्जी कागजों के आधार पर लगाया गया है। मिहोना के रहने वाले कमल किशोर पारासर ने जनसुनवाई में अपनी फरियाद सुनाते हुए कलेक्टर को बताया कि वो दिव्यांग है। आय का कोई साधन नहीं है। उनका कच्चा मकान था जोकि टूट कर गिर रहा है। फरियादी ने कलेक्टर से आवास के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग की।

### कोविड के बाद शुरू हुई जनसुनवाई में कम आए आवेदक

कोरोना काल की दूसरी लहर में बंद हुई जनसुनवाई मंगलवार से पुनः पूरे प्रदेश में शुरू हो चुकी है। जनसुनवाई के पहले दिन भिंड जिला मुख्यालय में आवेदकों की संख्या अपेक्षा कृत कम रही। कलेक्ट्रेट व एसपी ऑफिस में सुबह से ही अफसर लोगों की फरियाद सुनने के लिए निर्धारित समय पर पहुंचे गए। यहां आवेदकों ने बारी-बारी से अपनी समस्या अफसरों को सुनाई।

## विश्व शांति दिवस स्काउट गाइड ने आज वृक्षारोपण एवं आवश्यकता वाले लोगों को वस्त्र बांटकर मनाया



भिण्ड। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ भिंड द्वारा विश्व शांति दिवस का आयोजन किया गया। जिसके दौरान पौधारोपण किया गया और कोविड-19 वैक्सीन लगवाने के लिए जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया तथा भिंड में हम कम से कम प्लास्टिक प्रयोग करें इसके लिए भी एक पहल की गई। कार्यक्रम के समापन के समय पिछड़ी बस्तियों में स्काउट गाइड एवं पदाधिकारियों द्वारा निशुल्क वस्त्र वितरित किए गए कार्यक्रम मैं उपस्थित उमेश सिंह भदोरिया खंड शिक्षा अधिकारी, अजर मोहम्मद सिद्दीकी जिला उर्दू प्रभारी, आदित्य द्विवेदी पत्रकार, श्रीमती रेखा भदोरिया रियल लीडर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सुरपुरा अटेर, राम केशव राठौर रोवर लीडर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल लहरौली भिंड एवं कार्यक्रम का संचालन अतिबल सिंह डी.ओ.सी. स्काउट जिला भिंड द्वारा किया गया। श्री सिंह ने बताया कि विश्व शांति दिवस पूरे विश्व में मनाया जा रहा है इसी प्रकार हमारे जिले में एक ग्रुप स्तर से लेकर जिला स्तर तक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लगभग 150 पौधों का पौधारोपण किया गया है, कार्यक्रम में सहयोगी के रूम में, रोहित वर्मा, अभिनव चौरसिया, राहुल बघेल, काजल शर्मा, काजल दीक्षित, अंजली शर्मा, आदि उपस्थित स्काउट गाइड रहे।

## पोषण के प्रति लोगों को जागरूक करना ही पोषण माह का उद्देश्य : आशुतोष शर्मा नंदू

### नेहरू युवा केंद्र संगठन भिंड द्वारा पोषण माह का आयोजन




भिण्ड। नेहरू युवा केंद्र भिंड के तत्वाधान में राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में फिजिक्स के प्रोफेसर बृजभान सिंह तथा अध्यक्षता अर्पिता सिंह ने की कार्यक्रम का संचालन नेहरू युवा केंद्र ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आशुतोष शर्मा नंदू ने किया। श्री शर्मा ने संचालन करते हुए कार्यक्रम के आयोजन पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह जो नेहरू युवा केंद्र द्वारा मनाया जा रहा है उसका उद्देश्य यही है कि लोग पोषण के प्रति जागरूक हो अपने बच्चों को पौष्टिक आहार खिलाए गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार खिलाए जो बच्चे गर्भ में है उनका अच्छा पोषण हो सके जब हर बच्चा पोषण से परिपक्व होगा तो वह निश्चित ही समाज का निर्माण करने में अग्रणी रहेगा एवं राष्ट्र को सशक्त बनाएगा। लोगों को जागरूक करने का उद्देश्य राष्ट्रीय पोषण माह का है। अभी भी समाज के कुछ क्षेत्रों में कुपोषण व्याप्त है उसको दूर कर के राष्ट्र को सशक्त बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाए ऐसा सभी से आग्रह किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजभान ने पोषण पर अपना वक्तव्य दिया विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी सचिन शर्मा उपस्थित रहे उन्होंने पोषण पर प्रकाश डाला उपस्थित बच्चों ने भी पोषण पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही अंग्रेजी की प्रोफेसर श्रीमती अर्पिता ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। अंत में पोषण शपथ दिलाई गई कार्यक्रम में अमित शिवहरे, सचिन शर्मा, पूजा जैन, रितु ओझा आदि लोग उपस्थित रहे।

## शराब पीने के लिए मांगे रुपये न देने पर युवक के साथ मारपीट

भिण्ड। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के अग्रवाल कॉलोनी में एक युवक ने दुकानदार से शराब पीने के लिए रुपये मांग तो उसने देने से मना कर दिया, जिसके बाद बदमाश ने उसके साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार रविवार रात 10 बजे अरविन्द पुत्र स्व. रामस्वरुप सिंह भदौरिया निवासी अग्रवाल कॉलोनी अटेर रोड जो दुकान के सामने खड़ा हुआ था, इसी दौरान पवनसिंह भदौरिया उर्फ चुहिया निवासी बॉम्बे बिल्डिंग वाली गली अटेर रोड ने शराब पीने के लिए उससे रुपयें मांगे न देने पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियाी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## समस्याओं के निराकरण के लिए भाजपा ने प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

भिण्ड भाजपा मंण्डल अध्यक्ष मौ गोपाल सिंह कुशबाह ने आज अपनी टीम के साथ जिले के दौरे पर आये प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत से जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर के नेतृत्व में मुलाकात कर मौ अंचल की विभिन्न जन समस्याओं के निराकरण को लेकर ज्ञापन सौंपा है। प्रभारी मंत्री ने जल्द से जल्द निराकरण कराने का भरोसा दिलाया है। ज्ञापन में मौं तहसील में पदस्थ तहसील दार महेन्द गुप्ता को तत्काल प्रभाव से हटाया जाने एवं देबीपुरा से निबारी पुरा 5 किंमी रोड व देगमां से सेखूपुरा 2 किमीं रोड एंव गुरुयायची से भारोली पुरा रोड 5 किं मीं रुपाबई से चक बहेरा 4 कि मीं तक रोड की मांग की गई है। ग्राम बाखोली गांव के लोगो की जमीन कम्प्यूटर पर आंनलाईन नही चढ़ी है जिससे जो भी सरकार की योजना आती है उन्हे लाभ नही मिल पाता उसे कम्प्यूटर पर दर्ज कराई जाये। मौं नगर में डिबाईडर बिजली घर से लेकर सेबढ़ा रोड पेट्रोल पंप तक डाली जाये एंव बस स्टेण्ड पर डां भीमराव अम्बेडकर व रतवा रोड चोराहा पर महात्मा फुले जी की प्रतिमा स्थापित किये जाने की भी मांग रखी गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में भाजपा मंण्डल महामंत्री सुल्तान सिंह मौर्य, राजू मिश्रा, डां बेताल गोड, रामकेश गुर्जर, शुभम राठौर, डॉ. सुनील गोयल आदि प्रमुख थे।

## महिला ने ससुराल पक्ष पर कराया दहेज का मामला दर्ज

भिण्ड। बरोही थाना क्षेत्र के ग्राम अमलेडा निवासी एक महिला ने ससुराल पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायती आवेदन दिया, पुलिस ने मामले की जांच उपरांत दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार आशा पत्नी आशू शर्मा निवासी अमलेडा ने बताया विगत एक वर्ष से उसके ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते हैं और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करते है। पुलिस ने मामले की जांच उपरांत ससुराल पक्ष से पति आशू पुत्र अवध बिहारी, ससुर अवध बिहारी पुत्र स्व. जोगेश्वर तिवारी, मंजू तिवारी सास निवासीगण चंदावली थाना कुठोंद जिला जालौन यूपी के विरु दहेज का मामला दर्ज कर लिया है।

## डॉ.श्याम बिहारी शर्मा की स्मृति में हुआ सात सौ ग्यारह तुलसी पौधों का वितरण

### समाजसेवियों एवं पंचवटी पौधशाला की शानदार पहल



भिण्ड। डॉ. श्याम बिहारी शर्मा की स्मृति में समाजसेवियों एवं पंचवटी पौधशाला की संयुक्त पहल से शहर के मंशा पूर्ण हनुमान मंदिर में श्री श्री 1008 महंत श्री शुभेन्द्र नारायण पुरी जी महाराज (पत्ती वाले महाराज जी) के कर कमलों एवं मंदिर के पुजारियों द्वारा डॉ. शर्मा के पौत्र देवांशु शर्मा राम और काव्या शर्मा के साथ पूजा अर्चना कर तुलसी के सात सौ ग्यारह पौधों का वितरण किया गया। महाराज जी ने कहा इस पावन पितृ-पक्ष में अपने पूर्वजों को स्मरण करते हुए तुलसी पौध वितरण का पुनीत कार्य अत्यंत सराहनीय है। पूज्यनीय पितृ सदैव कल्याण करेंगे, तुलसी का पौधा जिस घर में होता है वह अपने जीवन में सुख और संतोष से परिपूर्ण होता है। ऐसे पुण्य कार्य करने से हमें अपने पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। डॉ श्याम बिहारी जी हमेशा सामाजिक कार्यों में पूर्ण तन्मयता के साथ कार्य करते रहे। आज उनकी स्मृति में यह कार्य अनुकरणीय है। सर्वप्रथम उनके नाती देवांशु शर्मा राम और नातिन काव्या शर्मा ने मंदिर में भगवान के चरणों में तुलसी के पौधों को अर्पित किए।

प्रोफ़ेसर इकबाल अली ने कहा आज विश्व शांति दिवस भी है इस अवसर पर तुलसी वितरण का कार्य शांति और भाईचारे को बढ़ाते हुए दृश्य-अदृश्य, चर-अचर, जड़-चेतन में बसुधैव- कुटुंबकम को चरितार्थ करता है। भारतीय सनातन संस्कृति की प्रेरणा से श्राद्ध पक्ष के प्रथम दिवस पर डॉ शर्मा जी की याद में तुलसी पौधा वितरण धार्मिक कार्य के साथ-साथ पर्यावरणीय संरक्षण का संदेश भी देता है। इस अवसर पर मंशापूर्ण हनुमान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्याम सुंदर सिंह जादोन, भरत चतुर्वेदी, जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी जे.के. जैन, अनिल शर्मा,रामानंद शर्मा, शिव प्रताप सिंह भदोरिया, कमलेश सेंथिया डॉ. साकार तिवारी, डॉ. अवधेश सोनी, धर्मेंद्र शर्मा, कमल किशोर शर्मा, अतिराज नरवरिया, नीरज शर्मा, रामवीर राजावत,अवधेश शर्मा, राहुल शर्मा, धीरज श्रीवास्तव, हसरत हयात, वीरेंद्र ओझा, राजेश पाराशर, सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे।

## चार किशोरों की असमय मौत दुर्भाग्यपूर्ण : अमित दांतरे



मेहगांव। बीते रोज गणेश विसर्जन के दिन भटियारे तालाब मे डूबने से चार किशोरो की असमय मौत दिल दहलाने बाली घटना से समूचा नगर स्तब्ध एंव दुखी है। उपरोक्त बिचार कांग्रेस के जिला महासचिव अमित दांतरे पिंकी ने प्रेस को बताते हुऐ प्रकट किये साथ ही शोकसंतप्त परिवारों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। दांतरे ने कहा कि पीडित परिजनो के साथ आज समूचा नगर इस दुख की घडी मे साथ है। शासन प्रशासन से मांग करते है कि पीडित परिवारों को सरकार उचित सहायता उपलब्ध कराये और दोषी अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ सक्त कार्यवाही करे। हमारी जानकारी मे आज तक हमारे नगर मेहगांव मे इस तरह ऐसी दर्दनाक घटना पहले कभी घटित नही हुई अतः शासन प्रशासन से अनुरोध है कि इस ह्रदय बिदारक घटना से सबक लेते हुऐ सजग होने की विशेष आवश्यकता है, ताकि नगर मे किसी प्रकार की घटना की पुनराव्रति न होने पाये।

## मासूम पर बिगड़ी नीयत, 12 साल की मासूम के साथ 35 साल के चाचा ने की छेडछाड

भिण्ड। अटेर थाना क्षेत्र में 12 साल की मासूम लड़की के साथ गांव के ही युवक ने छेडछाड़ कर दी। युवक, फरियादिया का रिश्ते में चाचा लगता है। घटना को अंजाम देने के बाद परिवार व समाज के लोगों ने इस हरकत पर पंचायत बुलाई। इसके बाद मासूम बिटिया के परिजनों ने पंचायत को बात को नहीं माना और पुलिस थाना पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपी मामला दर्ज कर लिया। अटेर थाना पुलिस के मुताबिक अंगदपुरा गांव में रहने वाली 12 साल की मासूम बिटिया गांव में बारिश की वजह से बिजली न आने पर रिश्ते में चाचा के खेतों पर बने घर पर मोबाइल चार्ज करने गई थी। खेतों पर बने घर पर मोबाइल चार्ज करके जब पीडिता वापस आने लगी तभी आरोपी गिर्राज भदौरिया उम्र 35 ने खेतों की मेंड़ पर सूनसान जगह देखकर उसे पकड़ लिया। मासूम लडकी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। वो मासूम लडकी को गोद में उठाकर खेतों के बीच ले जाने लगा जहां वो गंदी हरकत करने लगा। चाचा की नीयत को भांपते हुए मासूम लड़की चिल्लाने लगी। इस पर खेतों में काम करने वाले दूसरे लोगों ने लडकी की आवाज को सुना और वे भी बचाव के लिए आगे आए। यह घटना 18 सितंबर की है। रिश्ते में चाचा की चंगुल से बचकर आई पीड़िता ने सीधे अपने घर पहुंची। फरियादिया ने पूरी घटना अपने परिजनों को सुनाई। इधर आरोपी के परिजनों को भी मामले की जानकारी लगी। इसके बाद परिवार व समाज के बीच बात पहुंची तो दो दिन तक गांव में मामले में सुलह को लेकर पंचायत हुई। पंचायत की बात पर फरियादी के परिजन राजी नहीं हुए।

## सेवा और समर्पण अभियान के तहत 71 दिव्यांगजनों को उपकरण वितरित

### भाजपा कार्यकर्ता सेवा ही कार्य के लिए पूर्ण रूप से समर्पित रहता है और कांग्रेस करती है जनता को भ्रमित : गोविंद सिंह राजपूत



भिण्ड। भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म उत्सव को पूरे देश में सेवा और समर्पण अभियान के रूप में मना रही है। इसी श्रृंखला में दिव्यांगों को उपकरण वितरित किये गए। भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिव्यांगों को कृतिम अंग एवं उपकरण वितरण कार्यक्रम मेहगांव के भारद्वाज निवास पर आयोजित किया गया जिसमें दिव्यांगजनों को ट्रायसिकल, व्हीलचेयर, बैसाखियाँ, छड़ी, श्रवण संबंधी उपकरण वितरित किये गए । कार्यक्रम की रूपरेखा कार्यक्रम प्रभारी श्री समाजसेवी अशोक भारद्वाज ने अपना प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि दिव्यांगजन को हर तरह की मदद करने के लिए भाजपा सरकार संकल्पित है। केंद्र एवम प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को लाभान्वित कर रही है। दिव्यांगजन हमारे समाज का एक हिस्सा हैं जो विभिन्न क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर लोहा मनवा रहे हैं। दिव्यांगजनों के प्रति केंद्र एवम प्रदेश सरकार की सकारात्मक सोच एवं दृ? इच्छाशक्ति पैरालंपिक में देखने को मिली, खिलाड़ियों के अथक परिश्रम एवं सरकार के सहयोग से पैराओलंपिक में खिलाड़ियों का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा है 7 4 गोल्ड मैडल सहीत 19 मैडल पहली बार देश के दिव्यांग खिलाड़ियों ने जीते है । खिलाड़ियों की ट्रेनिंग से लेकर साधन संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक आवश्यक सुविधा सरकार दे रही है जिसका परिणाम हमारे सामने है।

जिले के प्रभारी मंत्री राजपूत ने कहा कि मोदी सरकार दिव्यांगों को उपकरण देकर स्वावलंबी बना रही है, ताकि वह अपना कार्य करते हुए रोजगार करें और जीवन को सुगम बना सके। जिनको बैसाखियां, ट्राई साइकिल, व्हील चेयर मिली है, उन्हें अब किसी के सहारे की आवश्यकता नहीं होगी, दिव्यांग अब अपना काम स्वयं कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा अच्छे काम में व्यवधान डालने का काम करती है भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता हर आपदा में गरीब मजदूरों किसानों, झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीबों की सेवा के लिए आगे आकर जल सेवा भाव का कार्य करते हैं और वहीं उन्होंने मेहगांव तहसील एवं एसडीएम भवन के नए निर्माण भवन हेतु 8 करोड़ की राशि शिरकत करने की घोषणा की जिसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाने की बात कही प्रभारी मंत्री राजपूत ने दिव्यांगजनों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सेवा और समर्पण अभियान के तहत समाज मे विभिन्न रचनात्मक कार्य कर रही है जिससे प्रत्येक दिव्यांग बंधु को आवश्यक साधन उपलब्ध हो सके एवं वो विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हो सके, इसके लिए भाजपा दृढ़संकल्पित है। उन्होंने दिव्यांगों का आह्वान किया कि वह पूरी दृढ़ता और हौसलों से समाज का हिस्सा बनें, अपने को किसी तरह कमजोर नहीं समझें। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य में पात्र दिव्यांग भाइयों और बहनों को स्वचालित ट्राईसाईकल भी उपलब्ध हो सके ये भी प्रयास रहेंगे इसके लिए आवश्यकता पड़ने पर सांसद और में भी अपने मद से सहयोग के लिए तत्पर हैं, भारतीय जनता पार्टी संगठन एवं हमारी सरकारें दिव्यांगजनों के सम्मान और सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है।

### गणेश विसर्जन के दौरान तालाब में 4 बच्चों के घर पहुंचे प्रभारी मंत्री राजपूत

मध्य प्रदेश सरकार के राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मेहगांव में गणेश विसर्जन के दौरान चार बच्चों की तालाब में डूब जाने से हुई मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके निवास स्थानों पर पहुंचकर मुख्यमंत्री सहायता कोष से मध्य प्रदेश सरकार द्वारा की गई घोषणा के तहत प्रत्येक परिवार जनों को चार लाख रुपए के चेक वितरित किए।

# अभी कांग्रेस आगे

पंजाब के नए मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने सोमवार को सीएम पद की शपथ ली। उनके साथ डिप्टी सीएम के तौर पर सुखजिंदर सिंह रंधावा और ओपी सोनी ने भी शपथ ली। पंजाब में पहली बार दो डिप्टी सीएम बनाए गए हैं। चरणजीत चन्नी पंजाब के इतिहास में पहले दलित मुख्यमंत्री बने हैं। वहीं, जट्ट सिख कम्युनिटी से सुखजिंदर सिंह रंधावा और हिंदू नेता के तौर पर ओपी सोनी को डिप्टी सीएम बनाया गया है। पंजाब में 5 महीने बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में दलित वोट बैंक को साधने के लिए इसे कांग्रेस का मास्टरस्ट्रोक माना जा रहा है। पंजाब में 32 फीसदी दलित आबादी है। 117 में से 34 सीटें रिजर्व हैं। वहीं चन्नी भले ही दलित नेता हैं, लेकिन सिख समाज से हैं। इस लिहाज से कांग्रेस को इसका बड़ा सियासी लाभ मिल सकता है। खासकर, दलित लैंड कहे जाने वाले पंजाब के दोआबा एरिया में कांग्रेस का दबदबा बढ़ सकता है। हिंदू नेता ओपी सोनी को डिप्टी सीएम बनाने से कांग्रेस ने हिंदू वोट बैंक को भी साधने की कोशिश की है। यह इसलिए अहम है, क्योंकि हिंदू वोट बैंक हमेशा भाजपा के साथ जाता है। हालांकि कैप्टन की व्यक्तिगत छवि को देखते हुए कांग्रेस को इसका लाभ मिलता रहा है। अब कैप्टन सीएम की कुर्सी छोड़ चुके हैं, इसलिए सोनी के जरिए उस वोट बैंक को बनाए रखने की कोशिश है। जट्ट सिख कम्युनिटी नाराज न हो, इसलिए सुखजिंदर रंधावा को डिप्टी सीएम बनाया गया है। अब तक यही कम्युनिटी पंजाब को सीएम चेहरे देती रही है। यह वोट बैंक अकाली दल का माना जाता है। हालांकि 2017 में बेअदबी के मुद्दे पर यह छिटककर आम आदमी पार्टी की तरफ चला गया। रंधावा को मंत्रिमंडल गठित होने पर मजबूत प्रोफाइल दिया जा सकता है। इसके जरिए जट्ट सिख वोट बैंक में अपना शेयर सुनिश्चित किया जाएगा। भाजपा ने दलित सीएम कहा तो कांग्रेस ने चरणजीत चन्नी को बना दिया। अकाली दल ने एक हिंदू व एक दलित को डिप्टी सीएम बनाने की बात कही थी। कांग्रेस ने हिंदू और जट्ट सिख को डिप्टी सीएम बनाकर उसका भी तोड़ निकाल लिया। अब पंजाब में सरकार बनाने के लिए नए समीकरण बन गए हैं। फिलहाल तो कांग्रेस ने विरोधियों की मुश्किलें खड़ी कर दी हैं, लेकिन एंटीइंकम्बेंसी और कैप्टन सरकार के साढ़े चार साल क काम का हिसाब तो जनता चुनाव में करेगी ही। पंथिक और जट सिखों की किसान राजनीति के लिए जाना जाने वाला पंजाब कांग्रेस के इस फैसले से सियासत के एक दूसरे दौर में पहुंच गया है। पंजाब के चुनाव में इस बार दलित मुख्यमंत्री का मुद्दा सबसे अहम होगा। एक तरह से कांग्रेस ने राज्य में पहली बार किसी दलित को मुख्यमंत्री बनाकर अकाली बसपा गठबंधन को कमजोर किया है तो दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी की बढ़त को भी रोकने की कोशिश की है। चरणजीत चन्नी के मुख्यमंत्री बनने से नवजोत सिंह सिद्धू के लिए भी फिलहाल मुख्यमंत्री की कुर्सी दूर हो गई है। अब विधानसभा चुनावों में कांग्रेस दलितों के बीच चन्नी का चेहरा लेकर वोट मांगेगी और अगर उसे 2022 में फिर बहुमत मिला तो दलित चन्नी को बदलना टेढ़ी खीर होगा। क्योंकि दलित को कुर्सी पर बिठाना जितना कठिन है आज की राजनीति में उसे बदलना उससे भी ज्यादा कठिन है। और अगर कांग्रेस ने ऐसा करने का दुस्साहस किया तो उसका खामियाजा उसे राष्ट्रीय स्तर पर लोकसभा चुनावों तक में भुगतना पड़ सकता है। इसलिए भले ही कांग्रेस पंजाब में कहे कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष होने के नाते विधानसभा चुनावों में नवजोत सिंह सिद्धू का नेतृत्व होगा, लेकिन मुख्यमंत्री की कुर्सी पर चरणजीत सिंह चन्नी के होने से जीत हार का श्रेय दोनों के ही हिस्से में होगा और नतीजों के बाद फैसले भी उसी हिसाब से होंगे।

# मेघवाल ने दिखाया भाजपा नेताओं को आईना

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान के छः जिलों में संपन्न हुए जिला प्रमुखों व पंचायत समिति के प्रधानों के चुनाव जीतने की खुशी मना रही भाजपा के रंग में उन्हीं की पार्टी के बड़े नेता कैलाश मेघवाल ने भंग डाल कर जीत का मजा किरकिरा कर दिया। चुनावी नतीजों में भाजपा सिर्फ सिरोही जिला परिषद में ही बहुमत में थी। इसके बावजूद जोड़-तोड़ कर पार्टी नेताओं ने सिरोही के साथ जयपुर व भरतपुर में भी अपना जिला प्रमुख जीता लिया था। इसी तरह 78 में से मात्र 14 पंचायत समितियों में भाजपा को बहुमत मिला था। मगर प्रदेश नेतृत्व ने 25 पंचायत समितियों में भाजपा के प्रधान बनवा दिये।

इससे प्रफुल्लित होकर भाजपा नेता अपनी जीत का जश्न मना रहे थे। इसी दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व शाहपुरा से विधायक कैलाश मेघवाल ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया को पद से हटाने की मांग करते हुये पत्र लिख कर धमाका कर दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के नजदीकी माने जाने वाले कैलाश मेघवाल ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखकर राजस्थान में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया को उनके पद से हटाने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि गुलाबचंद कटारिया द्वारा अलग-अलग मौके पर दिए गए बयानों के कारण भाजपा को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

मेघवाल ने बताया कि कटारिया ने 13 अप्रैल को राजमसंद में एक चुनावी सभा में महाराणा प्रताप को लेकर बयान दिया था। उनके चलते रामसमंद में पार्टी को वोटों का खासा नुकसान हुआ। इस बयान का मामला ठंडा पड़ा भी नहीं था कि उन्होंने भगवान राम को टिप्पणी कर दी कि भाजपा नही होती तो भगवान राम समुद्र में होते। कटारिया के इन बयानों की वजह से समाज में तीखी प्रतिक्रियाएं हुयी थी। उनकी टिप्पणी ने पार्टी को बचाव की मुद्रा में ला दिया था।

कटारिया के बयान के चलते ही पार्टी तीन में से दो सीटों पर चुनाव हार गई तथा राजसमंद सीट पर भी बहुत कम वोटों के अंतर से जीत पाई थी। अपने नेताओं को आईना दिखाते हुये मेघवाल ने आरोप लगाया था कि कटारिया की छत्रछाया में पार्टी पद और टिकट बंटवारे में लाखों-करोड़ों रुपए की हेराफेरी होती रही है। कटारिया अनर्गल बयान बाजी कर पार्टी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। मेघवाल ने अपने पत्र की प्रति भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया सहित पार्टी के सभी विधायकों को भी भेजी थी। मेघवाल ने तो विधानसभा सत्र से पहले होने वाली विधायक दल की बैठक में कटारिया के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की भी धमकी दी थी।

कैलाश मेघवाल की चिट्ठी से प्रदेश भाजपा की राजनीति में खलबली मच गई। 1977 में पहली बार विधायक व कैबिनेट मंत्री बनने वाले मेघवाल केंद्र की वाजपेई सरकार में भी मंत्री व कई बार सांसद रह चुके हैं। वो राजस्थान में भी कई बार मंत्री व विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। अनुसूचित जाति से आने वाले मेघवाल के पत्र से हुए नुकसान को कंट्रोल करने के लिए भाजपा आलाकमान ने तुरंत ही प्रदेश के प्रभारी महासचिव अरुण सिंह को जयपुर भेजा। जयपुर पहुंचते अरूण सिंह ने ही सबसे पहले मेघवाल को पार्टी कार्यालय में बुलाकर कटारिया के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाने के लिये मनाया। उन्होने मेघवाल से बयान भी दिलवाया की वह पार्टी के साथ है और ऐसा कोई काम नहीं करेंगे जिससे पार्टी को नुकसान पहुंचे।

हालांकि मेघवाल ने विधायक दल की मीटिंग में और उसके बाद कटारिया के खिलाफ किसी तरह की बयान बाजी नहीं की। लेकिन उनके पत्र से भाजपा में चल रही आपसी गुटबाजी खुलकर सामने आ गई है। मेघवाल के पत्र लिखने से सत्तारूढ़ कांग्रेस को भी भाजपा पर हमला करने का मौका मिल गया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी भाजपा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर जमकर हमला बोलते हुये कटघरे में खड़ा किया। प्रदेश में भाजपा के बड़े नेताओं द्वारा आपस में एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी करने व एक दूसरे की टांग खिंचाई से भाजपा विपक्षी दल की भूमिका निभाने की बजाय आपसी लड़ाई में ही



उलझी हुई है। प्रदेश में कांग्रेस के पौने तीन साल के शासन में भाजपा ऐसा कोई बड़ा जन हित का मुद्दा नहीं उठा पाई है। जिससे कांग्रेस को कटघरे में खड़ा किया जा सके। भाजपा में चल रही आपसी गुटबाजी के चलते कांग्रेस सरकार बिना किसी बाधा के काम कर रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ सचिन पायलट द्वारा इतनी बड़ी बगावत करने के बाद भी भाजपा उसका कोई फायदा नहीं उठा पायी। उल्टे आपसी लड़ाई के चलते भाजपा ही हमेशा बचाव की मुद्रा में रहती है।

राजस्थान भाजपा दो खेमों में बंटी हुई है। एक खेमे का नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे कर रही है। वहीं दूसरे खेमे में प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया के साथ नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राजेंद्र राठौड़ जैसे बड़े नेता हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, राज्यवर्धन राठौड़ किसी गुट में शामिल नहीं हैं। प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया को केंद्रीय नेतृत्व का भी पूरा समर्थन प्राप्त है। इस कारण वसुंधरा राजे खेमा प्रदेश की राजनीति में गौण हो रहा है। राजे की मर्जी के खिलाफ उनके धुर विरोधी सतीश पूनिया को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। पूनिया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हुए हैं तथा वर्षों से संगठन में काम कर रहे हैं।

अपनी उपेक्षा से नाराज होकर वसुंधरा राजे अपने समर्थक नेताओं से समय-समय पर संगठन के खिलाफ बयानबाजी करवाती रहती है। पिछले दिनों वसुंधरा के निकट सहयोगी व पूर्व मंत्री डॉ रोहिताश्व शर्मा को पार्टी से निकाले जाने के बाद उनके खेमे द्वारा संगठन के खिलाफ बयानबाजी बंद कर दी गई थी। मगर अचानक कैलाश मेघवाल ने चिटठी लिखकर भाजपा की राजनीति को हिला दिया था। चर्चा है कि कैलाश मेघवाल ने वसुंधरा राजे के इशारे पर ही कटारिया पर निशाना साधा था ताकि तीन जिला परिषदों में मिली जीत पर पानी फेरा जा सके।

वसुंधरा राजे चाहती है कि एक बार फिर उनको नेता प्रोजेक्ट कर अगला विधानसभा चुनाव लड़ा जाए। मगर केंद्रीय नेतृत्व वसुंधरा को फिर से मौका देने के मूड में नहीं है। इसी के चलते भाजपा में लगातार आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलते रहता है। कुछ दिनों पूर्व ही वसुंधरा राजे ने वसुंधरा राजे समर्थक राजस्थान (मंच) के नाम से एक संगठन बनवाकर प्रदेश के सभी जिलों में कार्यकारिणी का गठन करवा रही है। ताकि आलाकमान को अपनी ताकत दिखा कर दबाव में लिया जा सके। मगर अभी तक ना तो वसुंधरा राजे खुद उस मंच से जुडी है ना ही कोई बड़ा नेता अभी तक मंच का पदाधिकारी बना है। कुछ छुटभैया किस्म के ऐसे नेता जिनको मूल भाजपा संगठन में महत्व नहीं मिला वो ही उस मंच से जुड़े हैं। राजस्थान में राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि अब वसुंधरा राजे का प्रभाव नहीं रहा है। केंद्र में नरेंद्र मोदी के रहते वसुंधरा राजे का राजनीतिक पुनर्वास संभव नहीं है। पिछले विधानसभा चुनाव में उनको नेता प्रोजेक्ट कर फ्री हैंड दिया गया था। फिर भी राजस्थान में भाजपा सरकार नहीं बचा पायी थी। मुख्यमंत्री रहते वसुंधरा राजे का प्रदेश में इतना विरोध हो गया था कि उनके द्वारा प्रदेश भर में निकाली गयी गौरव यात्रा को भी बीच में ही स्थगित करना पड़ा था। सबसे बड़ी बात तो यह थी कि वसुंधरा राजे का विरोध उन्हीं के राजपूत समाज के लोग कर रहे थे। भाजपा में चल रही आपसी लड़ाई के चलते राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आश्वस्त नजर आते हैं। उनको पता है कि जब तक भाजपा एकजुट होकर नहीं लड़ेगी तो कांग्रेस का मुकाबला करना मुश्किल है। कांग्रेस से मुकाबना करने के स्थान पर भाजपा के नेता आपसी लड़ाई में ही उलझे हुए हैं।

## विचार-निर्विचार, चिंतन-अचिंतन

पूरा विश्व, विचारों पर चलता है, सारे आविष्कार, युध्द, आतंकवाद, साहित्य सृजन, भाषण, प्रवचन, तू-तू, मैं-मैं सब विचारों की देन है। विचार ही सब कार्यों को अंजाम देता है। भक्ति, प्रार्थना, व्यवहार, सेवा सब विचारों की देन है। हम सोचते हैं तो करते हैं होता है। अब प्रश्न यह है कि विचार कैसे हो, दो श्रेणियों में बांटा गया है उन्हें, सकारात्मक, नकारात्मक, सकारात्मकता निर्माण करती है, नकारात्मकता विध्वंस, मनुष्य ने सभ्यता को ऊंचाई तक पहुंचाया है एक तरफ तो दूसरी तरफ नृशंसता के गर्त में भी। जैसे विचार वैसा वातावरण और वृत्त। विचार करना सुविचार करना कोई किसी को जबरदस्ती नहीं सीखा सकता क्योंकि संस्कार, लालन-पालन, शिक्षा, मनन-चिंतन, संगति, वातावरण से विचारों में परिवर्तन होता है। पता नहीं यह दुनिया कब से बनी है, मनुष्य ने सोचना कब से शुरू किया, उसमें कैसे-कैसे परिवर्तन होते गया यह एक बड़ा गूढ़ विषय है। इस पर शास्त्र रचे जा सकते हैं। विचारों ने ही तो इतना ज्ञान इस विश्व को दिया है विज्ञान, साहित्य, शिक्षा, राजनीति, धर्म, कानून, जैसे-जैसे आवश्यकताएं होती गई या बढ़ती गई सब आविष्कार या रचना होती गई। आतंकवाद, विस्तारवाद, युध्द भी विचारों का खेल है। नेतृत्व के गलत विचारों का खामियाजा पूरे देश को देना होता है, कौम हो देना होता है। धार्मिक उन्माद भी कुछ गलत विचारों की देन है। बुध्दिहीन या कम बुध्दि वाले लोगों को बुध्दिमान चालाक लोग भेड़ों की तरह हांक कर अपने ढंग से उपयोग या दुरुपयोग करते हैं। इन्सान का अपना वजूद जब कमजोर होता है तो वह हिप्मोटाइज हो जाता है दूसरों से और पीछे-पीछे चलने लगता है, उसे पता नहीं होता कि वह कुएं में जाएगा या खाई में।

# चर्च के आरोपों की गहनता से जांच जरुरी

**डा समन्वय नंद**

केरल में इसलामी कट्टरता निरंतर बढ रही है, यह बात किसी से छुपी हुई नहीं है। किसी सामान्य बात को लेकर कट्टरपंथी इसलामी संगठन के कार्यकर्ता द्वारा किसी प्रोफेसर के हाथ काट लेने का मामला हो या फिर केरल के युवाओं के आईएसआईएस में शामिल होना हो इस तरह के खबरें लगातार आती रही है। कुछ स्थानों पर कट्टर इसलामी संगठनों द्वारा युवाओं का इंडाक्ट्रिनेशन किये जाने वाली खबरें भी नियमित समाचार पत्रों में शीर्षक बन रहे हैं। इन बातों से केरल की स्थिति के बारे में कोई भी सामान्य व्यक्ति अंदाजा लगा सकता है। इससे और एक बात भी स्पष्ट हो रही है कि केरल में सत्तारुढ वामपंथी सरकार इस तरह के मजहबी उन्मादो को कम करने या फिर उन्हें नियंत्रित करने मे रुचि कम दिखा रही है।

केरल की इस तरह की स्थिति के बीच राज्य के एक प्रमुख ईसाई पादरी ने अभी हाल ही में एक बयान जारी किया है। इस बयान में उन्होंने जो बातें कही है उस पर ध्यान दिया जाना जरुरी है। केरल के कोट्टयम में सायरो मालाबार चर्च पाला धर्मप्रांत के 'मार जोसेफ कल्लारंगट' नामक इस बिशप ने कहा कि केरल में कैथोलिक लड़कियाँ पहले लव जिहाद का शीकार हो रही थी। अब क्याथोलिक लडकियां 'लव के साथ साथ नार्कोटिक जिहाद' की शिकार हो रही हैं। त कोट्टायम जिले के कुरुविलंगाडु में एक चर्च समारोह में उन्होंने यह बात कही। कुरुविलंगाडु चर्च के यूट्यूब चैनल पर वीडियो को अपलोड किया गया। इस वीडियो में बिशप ने चेतावनी दी कि कट्टरपंथी ऐसे तरीकों का इस्तेमाल उन जगहों पर कर रहे हैं जहाँ हथियारों का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है और कैथोलिक परिवारों को इस संबंध में सावधान रहना चाहिए।

उन्होंने यह कहा कि केरल में एक खास ग्रुप है जो विभिन्न इलाकों में कैथोलिक और हिंदू युवाओं को ड्रग व अन्य नशों का आदी बना रहे हैं। ऐसे लोगों का मकसद दूसरे रिलिजियन को भ्रष्ट करने का है। लव जिहाद और नार्कोटिक्स जिहाद दो चीजें हैं जिन पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

अपने बयान में उन्होंने कहा कि केरल में 'लव जिहाद' होने से इनकार करने का कोई भी प्रयास सच्चाई से मुँह मोड़ लेने जैसा है। बिशप ने सभी कैथोलिक लोगों को सचेत किया कि मुस्लिम विचारों को जबरदस्ती लाने की योजना चल रही है। सभी कैथोलिकों को इसके बारे में पता होना चाहिए और उन्हें सतर्क रहना चाहिए।

उनकी यह वीडियो अब चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ लोग इस बयान के समर्थन में दिख रहे हैं तो कुछ लोगों ने इस बयना को लेकर उन्हें आडे हाथों लिया है।

केरल का कैथोलिक समाज उनके इस बयान के पीछे खडा दिख रहा है लेकिन कुछ लोग उनकी आलोचना भी करते दिख रहे हैं। खास कर केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन को ही देख लें। उन्होंने इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि - पाला बिशप एक काफी प्रभावशाली व धार्मिक विद्वान हैं। हमलोग पहली बार 'नारकोटिक्स जिहाद' नाम का कोई शब्द सुन रहे हैं। नारकोटिक्स की समस्या किसी एक खास धर्म को ही निशाना नहीं बनाती। ये पूरे समाज पर अपना दुष्प्रभाव डालती है। इसे लेकर हम काफी चिंतित हैं।

वैसे देखा जाए तो बिशप ने पहली बार ऐसी बात कही है ऐसा नहीं है। ईसाई समेत गैर इसलामी लडकियों को सुनियोजित तरीके से प्रेम जाल में फांस कर लव जिहाद किये जाने की बात उन्होंने काफी पहले कही थी। उन्हें इसे लेकर समाज को आगाह किया था। उस समय भी उनके बयान को लेकर विवाद हुआ था तथा लोगों ने उनकी आलोचना की थी। यदि आज की स्थिति में हम देखे तो एक ऐसा रुझान देख रहे हैं जिसमें गैर इसलामी लडकियों को प्रेम के माध्यम से टार्गेट किया जा रहा है। यह एक बडी और गहरी साजिश व रणनीति का हिस्सा है, ऐसा प्रतीत होता है। भले ही राजनीतिक कारणों से कोई इस विषय पर खुल कर न बोले लेकिन इसमें सच्चाई होने की बात से इंकार नहीं किया जा सकता। वर्तमान में केरल मे युवाओं का इनडाक्ट्रिनेशन होने की बात सामने आ रही है। यही कारण है आफगानिस्तान से लेकर सीरिया तक में केरल के युवा जिहाद करते दिख रहे है।कुछ तो आफगानिस्तान के जेलों में भी बंद हैं। ऐसे में मार जोसेफ कल्लारंगट द्वारा कही गई बात को इस तरह से सिरे से खारिज नहीं किया जाना चाहिए।

# 'नई पूड़ी.... नया पान'

## सूडोकु नवताल- 5840

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5839 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |

**ओमप्रकाश मेहता**

**'सरे घर के बदलने' के प्रयोग पर अटकलें....?**

गुजरात में नए मंत्रीमंडल के शपथ मंच पर लिखा था- ÷अमृत महोत्सव के अवसर पर÷। यह सही है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी ने जो ÷सारे घर के बदलने÷ का नया राजनीतिक प्रयोग किया उसे लेकर राजनीतिक, बुद्धिजीवी तथा अन्य तबकों ने काफी दिलचस्प अटकलों का दौरा जारी है, इस राजनीतिक प्रयोग की दो अहम् बातें है, पहली अनुभव व वरिष्ठता को नकारा गया, दूसरे नई सरकार में किसी भी 'भूतपूर्व' को शामिल नहीं किया गया। सभी वरिष्ठ व अनुभवी नेता इस आकस्मिक हादसे से हतप्रभ है, हर कहीं एक ही सवाल पूछा जा रहा है कि- 'क्या गैर अनुभवी तथा अब तक अपरिचित रहे नेता गुजरात में अगले साल होने वाले चुनावी तूफान में पार्टी की नैया को किनारे लगा सकेंगे?' या देश की सारी चिंताऐं छोड मोदी जी व अमित शाह को ही चुनावी पतवार थामनी पड़ेगी? मौजूदा राजनीतिक परिवेश को देखकर राजनीतिक पण्डितों द्वारा यह भी कयास लगाए जा रहे है कि अब गुजरात की सरकार मुख्यमंत्री या मंत्री नहीं बल्कि आला अफसरान चलाएगें और वे ही नए नवैले मंत्रियों पर हावी रहेंगे और वे भी सीधे दिल्ली के प्रधानमंत्री आवास से निर्देश प्राप्त करेंगे, अर्थात् नाम को भूपेन्द्र पटेल की सरकार और वास्तव में मोदी-शाह की ही सरकार? यह बात मैं अपने कयासों के आधार पर नहीं कह रहा हूँ, बल्कि गुजरात के जिन वरिष्ठ नेताओं की



उपेक्षा कर उन्हें अपमानित किया गया है, उन्ही के सूत्र के हवाले से मैंने इस रहस्य का उद्घाटन किया है। असंतुष्ट अनुभवी तबके का यह भी कहना है कि यह सब उलटफैर अचानक रहस्यमयी तरीके से इस तरह किया गया कि अनुभवी असंतुष्टों को एक जुट होकर कुछ सोचने समझने का समय ही नहीं मिल पाया और फटाफट सब उलटफैर कर दिया गया। किंतु अब आगे का एक साल गुजरात की राजनीति के हिसाब से काफी महत्वपूर्ण रहेगा और असंतुष्ट अनुभवी अपने अनुभव का सदुपयोग(?) अवश्य करेगें।

अब आमतौर पर राजनीतिक दृष्टि से तो इस फैरबदल के माध्यम से यह दिखाने की कौशिश की गई कि जातिवाद समीकरणों के हिसाब से विजय रूपाणी की सरकार सभी को संतुष्ट नहीं कर पा रही थी और इसी कारण गुजरात का बहुसंख्यक पटेल (पाटीदार) तबका भाजपा से परहेज करने की तैयारी करने लगा था, इसी कारण भूपेन्द्र पटेल को मुख्यमंत्री व उनके मंत्रिमंडल में आदिवासी, अनुसूचित जाति, आदि वर्गों के नेताओं को शामिल किया गया, जिससे वहां जातीय समीकरण ठीक से काम कर सके? पर.... साथ ही असंतुष्ट अनुभवियों द्वारा यह सवाल भी उठाया जा रहा है कि नए मंत्रिमंडल में जो दलबदलुओं (कांग्रेस से भाजपा में आने वाले) को शामिल किया गया है, उससे भाजपा के पक्ष में संदेश जाएगा? क्या प्रदेश के समर्पित भाजपा कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में भाजपा के लिए काम करने को तैयार होगे? या क्या उनका अपने क्षेत्र में भी जनाधार है? और सबसे बड़ा और अहम् सवाल यह कि जिन बुजुर्ग और अनुभवी नेताओं की खुलेआम उपेक्षा कर उन्हें अपमानित किया गया, वे क्या हाथ पर हाथ रखकर बैठे रहेगें? अपने अपमान का बदला लेने की कौशिश नहीं करेगें? ये कुछ ऐसे चंद सवाल है जो भाजपा व नरेन्द्र भाई को भविष्य का आईना दिखा रहे है, अब देश के नामी राजनीतिक पण्डितों का कयास है कि देश में ये ही असंतुष्ट अनुभवी नेता मोदी-शाह के खिलाफ बगावत का झण्डा उठा सकते है, जैसा कि आज शपथ ग्रहण समारोह में शामिल पूर्व उप-मुख्यमंत्री नितिन भाई पटेल की भाव भंगीमा और उनके चेहरे को देखकर महसूस किया गया। यही हालत अन्य असंतुष्ट अनुभवी नेताओं की भी देखी गई जो मजबूरी वश शपथ समारोह में शामिल थे। कुल मिलाकर मान्यवर मोदी जी ने आजादी के पचहत्तरवें साल में एक नया राजनीतिक प्रयोग अवश्य किया है, आज से पचहत्तर साल पहले एक गुजराती (महात्मा गांधी) ने एक अन्य दबंग व अनुभवी गुजराती (सरदार वल्लभ भाई पटेल) के मुकाबले पण्डित नेहरू को प्रधानमंत्री पद की गद्दी सौंप दी थी।

# अमेरिका में मोदी यह याद रखें

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काफी दिनों बाद इस हफ्ते विदेश यात्रा करनेवाले हैं। वे वाशिंगटन और न्यूयार्क में कई महत्वपूर्ण मुलाकातें करनेवाले हैं। सबसे पहले तो वे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस से मिलेंगे और फिर चौगुटे (क्वाड) के नेताओं से मिलेंगे याने जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सूगा और आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मोरिसन से भी मिलेंगे। इस दौरान वे अमेरिका की कई बड़ी कंपनियों के मालिकों से भी भेंट करेंगे। संयुक्तराष्ट्र संघ में उनके भाषण के अलावा उनका सबसे महत्वपूर्ण काम होगा– चौगुटे के सम्मेलन में भाग लेना। यह चौगुटा बना है– अमेरिका, भारत, जापान और आस्ट्रेलिया को मिलाकर! इसका अघोषित लक्ष्य है– चीनी प्रभाव को एशिया में घटाना लेकिन चीन ने इसका नया नामकरण कर दिया है। वह कहता है कि यह 'एशियाई नाटो' है। यूरोपीय नाटो बनाया गया था, सोवियत संघ का मुकाबला करने के लिए और यह बनाया गया है, चीन का मुकाबला करने के लिए लेकिन चीन मानता है कि यह समुद्र के झाग की तरह हवा में उड़ जाएगा। भारत के लिए चिंता का विषय यह है कि अभी पिछले हफ्ते ही अमेरिका ने एक नया संगठन खड़ा कर दिया है। उसका नाम है ऑकुस याने आस्ट्रेलिया, युनाइटेड किंगडम और यूएस ! इसमें भारत और जापान छूट गए हैं और ब्रिटेन जुड़ गया है। अमेरिका ने यह नए ढंग का गुट क्यों बनाया है, समझ में नहीं आता। हो सकता है कि यह अंग्रेजीभाषी एंग्लो-सेक्सन गुट है। यदि ऐसा है तो माना जा सकता है कि अब चौगुटे का महत्व घटेगा या उसका दर्जा दोयम हो जाएगा। इस नए गुट में अमेरिका अब आस्ट्रेलिया को कई परमाणु-पनडुब्बियां देगा। क्या वह भारत को भी देगा ? परमाणु पनडुब्बियों का सौदा पहले आस्ट्रेलिया ने फ्रांस से किया हुआ था। वह रद्द हो गया। फ्रांस बौखलाया हुआ है। यदि मोदी-बाइडन भेंट और चौगुटे की बैठक में अफगानिस्तान, प्रदूषण और कोविड जैसे ज्वलंत प्रश्नों पर भी वैसी ही घिसी-पिटी बातें होती हैं, जैसी कि सुरक्षा परिषद, शांघाई सहयोग संगठन और ब्रिक्स की बैठकों में हुई हैं तो भारत को क्या लाभ होना है ? भारत और अमेरिका के आपसी संबंधों में घनिष्टता बढ़े, यह दोनों देशों के हित में है लेकिन हम यह न भूलें कि पिछले 74 साल में भारत किसी भी महाशक्ति का पिछलग्गू नहीं बना है। सोवियत संघ के साथ भारत के संबंध अत्यंत घनिष्ट रहे लेकिन शीतयुद्ध के दौरान भारत अपनी तटस्थता के आसन पर टिका रहा। फिसला नहीं। अब भी वह अपनी गुट-निरपेक्षता या असंलग्नता को अक्षुण्ण बनाए रखना चाहता है।

# कुशन कवर्स खरीदते समय इन बातों का रखें खास ध्यान, घर लगेगा खूबसूरत



घर की सजावट के लिए लोग कई तरह की चीजें खरीदना पसंद करते हैं, उन्हीं में से एक है कुशन कवर। जी हां, सोफे या फिर कुर्सी की शोभा बढ़ाने में कुशन कवर्स काफी मदद करते हैं। हालांकि, ऐसा तभी संभव है, जब आप सोच-समझकर अपने घर के लिए कुशन कवर्स का चयन करें। आइए जानते हैं कि कुशन कवर्स खरीदते समय आपको किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ताकि आप अपने घर के लिए परफेक्ट कुशन कवर्स खरीद सकें।

### फैब्रिक होना चाहिए सही

कुशन कवर्स की खरीदारी करते समय उनके फैब्रिक पर ध्यान देना बेहद जरूरी है क्योंकि इसका फैब्रिक उनकी शेल्फ लाइफ ही नहीं बल्कि लुक पर भी प्रभाव डालता है। अगर आप कुशन कवर्स के जरिए अपने लिविंग रूम को खास अवसरों पर अलग लुक देना चाहते हैं तो ऐसे में लिनन, जेकक्वार्ड और वेलवेट का विकल्प चुन सकते हैं। वहीं, अगर आप एक लॉन्ग लास्टिंग कुशन कवर्स की तलाश में हैं तो ऐसे में पॉलिएस्टर और कॉटन विकल्प बेहतर होगा।

### माप और आकार के अनुसार करें चयन

जब भी आप कुशन कवर्स खरीदने जाए तो उसके माप और आकार पर खास ध्यान दें। यूं तो मार्केट में स्टैन्डर्ड चकोर आकार के कुशन मिलते हैं, जिनके कवर्स भी आसानी से मौजूद हैं, लेकिन अगर अपने अपने घर के लिए कुशन को कस्टमाइज करवाया है तो यह जरूरी है कि आप उसके माप और आकार पर अतिरिक्त ध्यान दें। हालांकि, आपको कुशन के अनुसार कवर्स न मिलें तो आप अलग से फैब्रिक खरीदकर कुशन कवर्स को सिलवाएं।

### रंग पर दें ध्यान

कुशन कवर्स के रंग की बात करें तो इनका रंग आदर्श रूप से बाकी सामान के हिसाब से होना चाहिए। आप ऐसे कुशन कवर्स चुन सकते हैं, जिनका रंग कमरे की सजावट से मिलता हो या फिर जिनका रंग सामानों के रंग के बिल्कुल विपरीत हो। बेहतर होगा कि आपके कुशन कवर्स का रंग ऐसा हो जो आपकी सोफे के रंग से मेल खाता हो। इस तरह के कुशन कवर्स देखने में बेहद ही खूबसूरत लगते हैं।

### इस तरह के प्रिंट्स चुनें

## पहली बार स्क्रीन पर साथ दिखेंगे अर्जुन रामपाल और विद्युत जामवाल, होगा जबरदस्त ऐक्शन



अर्जुन रामपाल अपने डैशिंग लुक्स और स्टाइल के अलावा ऐक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। इस बीच खबर है कि उन्होंने एक ऐक्शन फिल्म साइन की है। खास बात यह है कि फिल्म में ऐक्टर विद्युत जामवाल भी नजर आएंगे। यह पहला मौका होगा जब दोनों ऐक्टर्स किसी फिल्म में साथ दिखेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस अनाम फिल्म की स्टोरी लाइन जबरदस्त होगी और यह एक कमर्शल ऐक्शन फिल्म होगी। फिल्म में अर्जुन नेगेटिव रोल में दिखाई देंगे। वहीं, खुद को ऐक्शन हीरो के रूप में स्थापित कर चुके विद्युत अपने प्रॉडक्शन के तले ही फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। दोनों का फिल्म में लुक काफी अलग होगा। बताया जा रहा है कि नवंबर के आसपास फिल्म की शूटिंग शुरू होने की उम्मीद है। हालांकि, प्रॉजेक्ट से जुड़ी बाकी जानकारी को अब तक रिवील नहीं किया गया है। 'द बैटल ऑफ भीमा कोरेगांव' के बचे हुए हिस्सों की शूटिंग पूरी करने के बाद अर्जुन इस ऐक्शन फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। वहीं, विद्युत जामवाल तब तक अपनी फिल्म 'खुदा हाफिज 2' भी पूरी कर लेंगे जिसकी शूटिंग लखनऊ में चल रही है। इसके अलावा विद्युत ऐक्शन-थ्रिलर फिल्म 'सनक' में दिखाई देंगे। बात करें अर्जुन की तो वह 'द रेपिस्ट', 'धाकड़', अब्बास-मस्तान की नेटफ्लिक्स थ्रिलर 'टेंट हाउस' जैसी फिल्मों में नजर आएंगे। अर्जुन आखिरी बार जी5 की थ्रिलर 'नेल पॉलिश' में नजर आए थे जिसमें उनके काम की



# जल्द ही बॉलीवुड की फिल्मों में अपना पदार्पण करेंगी कल्याणी प्रियदर्शन



दक्षिण भारतीय फिल्मों के कई कलाकार बॉलीवुड में अपने अभिनय का जौहर दिखा चुके हैं। उन्होंने अपने हुनर से एक पैन इंडिया एक्टर की छवि बनाई है। अब इस कड़ी में एक और नाम जुड़ गया है। हिन्दी फिल्मों के मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन की बेटी और साउथ अभिनेत्री कल्याणी जल्द ही बॉलीवुड की फिल्मों में अपना पदार्पण करेंगी। इस संबंध में खुद फिल्ममेकर प्रियदर्शन ने जानकारी शेयर की है। प्रियदर्शन ने खुलासा किया है कि उनकी बेटी कल्याणी बॉलीवुड की फिल्मों में डेब्यू करेंगी। ये अलग बात है कि प्रियदर्शन अपनी फिल्मों के जरिए कल्याणी को लॉन्च नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, वह एक स्पष्ट और नेतृत्व करने वाली लड़की है, जो जानती है कि उसे क्या चाहिए और क्या नहीं। वह निश्चित रूप से यह नहीं चाहती कि मैं उसे बॉलीवुड में लॉन्च करूं। प्रियदर्शन ने आगे बातचीत करते हुए कहा, जब कल्याणी ने अभिनेत्री बनने का फैसला किया था, तो उसके लिए केवल एक ही शर्त थी कि उन्हें उनके पिता द्वारा लॉन्च नहीं किया जाएगा। उन्होंने साउथ फिल्मों में अपनी बेटी कल्याणी की एक्टिंग डेब्यू को लेकर भी अनुभव साझा किया है। उनका मानना है कि वह चाहते तो साउथ इंडस्ट्री में कल्याणी को लॉन्च करने के लिए दर्जनों फिल्में बना सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। प्रियदर्शन ने कहा कि साउथ फिल्मों में कल्याणी ने तेलुगु फिल्म हेलो से डेब्यू किया था। इस फिल्म का निर्माण साउथ स्टार नागार्जुन ने किया था। नागार्जुन के बेटे अखिल अक्किनेनी इस फिल्म में नजर आए थे। प्रियदर्शन ने साफ तौर पर कहा कि साउथ फिल्मों में डेब्यू की तरह ही वह कल्याणी की बॉलीवुड में डेब्यू को लेकर कोई हस्तक्षेप नहीं करेंगे। किसी और फिल्ममेकर के द्वारा कल्याणी को लॉन्च किया जा सकता है। हेरा फेरी जैसी मशहूर कॉमेडी फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन ने ही किया है। हाल में आई फिल्म हंगामा 2 को लेकर वह सुर्खियों में थे। इस फिल्म में शिल्पा शेट्टी और परेश रावल अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। उन्होंने भूल भुलैया, बिल्लू और दे दना दन जैसी चर्चित फिल्मों का निर्देशन किया है।

# अक्षय कुमार की पहली फिल्म की हीरोइन शांति प्रिया करेंगी डिजिटल डेब्यू

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की पहली फिल्म सौगंध 1991 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय के अपोजिट भूमिका में अभिनेत्री शांति प्रिया नजर आई थीं। शांति ने इस फिल्म से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा था। ये अलग बात है कि हिन्दी फिल्मों में वह अपना दबदबा हासिल नहीं कर पाई हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि वह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपना डेब्यू करने वाली हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अक्षय की पहली फिल्म की हीरोइन रहीं शांति अपना डिजिटल डेब्यू करेंगी। कहा जा रहा है कि वह जल्द ही एक वेब सीरीज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगी। इस सीरीज के साथ 6 साल बाद वह



एक्टिंग की दुनिया में वापसी करने वाली हैं। खबरों की मानें तो वह द धारावी बैंक नामक वेब सीरीज में नजर आएंगी। हालांकि, इस संबंध में अभी आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। शांति के एक करीबी सूत्र ने इस खबर की पुष्टि की है। इस सीरीज के बारे में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। बताया गया है कि उन्होंने इससे पहले तीन बार फिल्मों से ब्रेक लेकर एक्टिंग में वापसी की हैं। फिल्मों के अलावा इस अभिनेत्री ने कई टीवी सीरियल में भी काम किया है। वह माता की चौकी और द्वारकाधीश जैसे धारावाहिकों में नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा साउथ की फिल्मों में भी उन्होंने अपना जलवा दिखाया है। पिछले साल शांति तब चर्चा में आ गई थीं, जब उन्होंने कहा था कि उन्हें बॉलीवुड में नस्लवादी टिप्पणियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा था कि करियर के शुरुआती दौर में उन्हें इस प्रकार के अनुभव से गुजरना पड़ा था। शांति ने कहा कि इसके बाद ही उन्होंने बॉलीवुड को छोड़ने का मन बना लिया था।

## आदित्य रॉय कपूर अभिनीत फिल्म थाडम की हिन्दी रीमेक में दिखेंगी मृणाल ठाकुर




काफी समय से तमिल फिल्म थाडम की हिन्दी रीमेक बनने की चर्चा चल रही है। निर्माता मुराद खेतानी ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म का ऐलान किया था। इस फिल्म में पहले सिद्धार्थ मल्होत्रा मुख्य भूमिका निभाने वाले थे। हाल में खबर सामने आई थी कि आदित्य रॉय कपूर फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगे। अब जानकारी सामने आ रही है कि इस फिल्म में अभिनेत्री मृणाल ठाकुर की एंट्री हो गई है। आदित्य की थाडम की हिन्दी रीमेक में मृणाल शामिल हो गई हैं। काफी समय से मृणाल के इस फिल्म में शामिल होने की चर्चा चल रही थी। वह फिल्म में आदित्य के अपोजिट फीमेल लीड किरदार अदा करेंगी। मृणाल ने कहा, जब मैंने फिल्म की कहानी सुनी, तो मुझे तुरंत पता चल गया था कि मुझे इस फिल्म का हिस्सा बनना चाहिए। मेरा किरदार पेचीदा है और एक पुलिस वाले की भूमिका निभाना मेरी प्राथमिकता में था। मृणाल ने कहा कि इस फिल्म में उनका किरदार बिल्कुल अलग होने वाला है। उन्होंने कहा कि दर्शकों के समक्ष इस किरदार में सामने आने के लिए वह बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। मृणाल ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर भी इस फिल्म में शामिल होने की पुष्टि कर दी है। उन्होंने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, वर्धन केतकर द्वारा निर्देशित तमिल हिट फिल्म थाडम की हिन्दी रीमेक में काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। इस फिल्म की शूटिंग अक्टूबर में शुरू होगी। मुराद और भूषण कुमार मिलकर इस फिल्म का निर्माण करेंगे।

# टाइट कपड़ों में सड़क पर दिखी जॉर्जिया एंड्रियानी



1998 में मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान ने शादी की थी लेकिन उनका तलाक हो चुका है और आज इनका 18 साल का एक बेटा भी है फिलहाल तो अरबाज खान मॉडल जॉर्जिया एंड्रियानी के साथ रिलेशनशिप में है तो वहीं दूसरी तरफ मलाइका अरोड़ा भी बॉलिवुड ऐक्टर अर्जुन कपूर को डेट कर रही है . आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अरबाज खान की गर्लफ्रेंड जॉर्जिया एंड्रियानी दिखने में काफी हॉट और बोल्ड है हाल ही में मुंबई की सड़क पर जॉर्जिया एंड्रियानी को कैमरे में कैद किया गया. अभी तस्वीरो में देख सकते हो कि वह स्किन टाइट कमरों में काफी हॉट लग रही है और कुछ लोगों ने इनको देखने के बाद सोशल मीडिया पर इनको भला बुरा कहना शुरू कर दिया. जॉर्जिया एंड्रियानी अक्सर हॉट लुक में मुंबई के बांद्रा इलाके में स्पॉट होती है। जॉर्जिया का सेक्सी लुक के लाखों दीवाने है। बता दें जॉर्जिया एंड्रियानी ने सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोवर्स है, उनकी हॉट तस्वीरें अक्सर सोशल मीडिया पर तहलका मचाती रहती है। सिंपल लुक में हॉटनेस का तड़का लगाती हुई जॉर्जिया कातिलाना लुक में हमेशा इंटरनेट पर छाई हुई रहती है। जॉर्जिया एंड्रियानी हमेशा अपने डॉग को घुमाने घर से बाहर जरुरु आती है। उनका हर स्पोटेड लुक लोगों का दिल चुरा लेता है। जॉर्जिया एंड्रियन एक मॉडल हैं और इन्होंने कई सारे विज्ञापन कर रखे हैं. मॉडलिंग के अलावा जॉर्जिया एंड्रियन ने गेस्ट इन लंदन नाम भारतीय फिल्म में भी कार्य किया हुआ है और ये फिल्म साल 2017 में आई थी. हालांकि इस फिल्म के जरिए जॉर्जिया को कुछ ज्यादा पहचान नहीं मिल पाई थी. अरबाज और जॉर्जिया की आयु में काफी बड़ा अंतर है।

# क्या है हेयर परफ्यूम, जानिए बालों को कैसे पहुंचाता है फायदा



मानसून का मौसम भले ही भीषण गर्मी से राहत दिलाने में मदद करता है. लेकिन इस मौसम में बैक्टीरियल और वायरल इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है. बारिश में नमी और उमस होने के कारण अधिक पसीना आता है. इससे बाल और त्वचा में चिपचिपाहट महसूस होती है. वहीं, कुछ लोगों को जरूरत से ज्यादा पसीना आता है जो आपकी परेशानियों को बढ़ा देता है. ज्यादातर लोग इस बात को नजरअंदाज कर देते हैं. लेकिन अधिक पसीने की वजह से त्वचा और बालों की समस्या बढ़ जाती है. त्वचा में खुजली, रेडनेस, मुंहासे होते हैं. इसके अलावा बालों से बदबू आती है. इस समस्या को देखते हुए मार्केट में हेयर परफ्यूम आने लगे हैं.

ज्यादातर लोगों को हेयर परफ्यूम के बारे में जानकारी नहीं है, इसलिए इसका इस्तेमाल भी कम होता है. शरीर की दुर्गंध के लिए परफ्यूम और डिओडोरेंट का इस्तेमाल करते हैं ठीक उसी तरह बालों की बदबू को दूर करने के लिए हेयर परफ्यूम लगा सकते हैं. ये आपके बालों को खुशबूदार बनाए रखने में मदद करता है. आइए जानते हैं इसके फायदों के बारे में.

### हेयर परफ्यूम के फायदे

1. हेयर परफ्यूम बालों को खुशबूदार रखने में ही मदद नहीं करते हैं बल्कि सूरज की हानिकारक किरणों से भी बचाने में मदद करता है. इसके अलावा बालों की ग्रोथ और वॉल्यूम को बढ़ाने में मदद करता है. इससे बालों का टूटना- झड़ना कम होता है रूखेपन से भी बचाव होता है.
2. हेयर परफ्यूम बालों को पोषण देने का काम करता है. आप इसका इस्तेमाल शैंपू के बाद कर सकते हैं. इससे बालों में नमी और पोषण मिलता है जो बालों की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करता है.
3. हेयर परफ्यूम बालों को खुशबूदार रखने के साथ- साथ बालों को शाइनी भी बनाने में मदद करता है. इसके साथ ही बालों से एक्सट्रा ऑयल निकालने में मदद करता है. बालों को मॉश्चराइज करने के लिए हेयर परफ्यूम का इस्तेमाल कर सकते हैं.
4. अगर आपको बाहर जाना है बालों को धोने का समय नहीं है तो हेयर परफ्यूम का इस्तेमाल कर बालों के लुक को बदल सकती है। इसे लगाने से आपके बाल शाइनी नजर आएंगे.
5. अगर आपको लगता है कि हेयर परफ्यूम लगाने से बालों को नुकसान पहुंचता है तो हम आपको बता दें ऐसा नहीं होता है. ये आपके बालों को गहराई से पोषण देता है।

## सनी देओल और श्रुति हासन अभिनीत बाल्की की फिल्म में अभिनेत्री रेवती भी आएंगी नजर

दमदार एक्शन के लिए चर्चित अभिनेता सनी देओल काफी समय से निर्देशक आर बाल्की की फैमिली ड्रामा फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल में जानकारी सामने आई थी कि बाल्की सनी और श्रुति हासन को साथ लेकर अपनी अगली फिल्म बनाने की योजना बना रहे हैं। अब इस फिल्म में एक और अभिनेत्री की एंट्री हो गई है। खबरों की मानें तो साउथ अभिनेत्री रेवती फिल्म में सनी की पत्नी की भूमिका में नजर आएंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, बाल्की की अगली फैमिली ड्रामा फिल्म में दक्षिण भारतीय अभिनेत्री रेवती को सनी की पत्नी की भूमिका के लिए चुना गया है। खबरों की मानें तो इस फिल्म में सनी और रेवती एक विवाहित जोड़े के रूप में नजर आएंगे। दिलचस्प है कि फिल्म में श्रुति अभिनेता सनी और रेवती की बेटी की भूमिका में दिखने वाली हैं। यह फिल्म माता-पिता और बेटी के बीच के भावनात्मक रिश्ते के इर्दगिर्द होगी। एक सूत्र ने कहा, लॉकडाउन के दौरान बाल्की ने दो अलग-अलग विषयों थ्रिलर और फैमिली ड्रामा पर अपना फोकस किया था। इनमें दुलकर सलमान की थ्रिलर फिल्म की शूटिंग अक्टूबर तक पूरी होने की उम्मीद है। वहीं, फैमिली ड्रामा फिल्म की शूटिंग साल के अंत तक या अगले साल की शुरुआत में शुरू हो सकती है। सूत्र ने बताया कि बाल्की की यह फिल्म काफी संवेदनशील और उनके दिल के करीब है। अभी फिल्म की कास्टिंग की प्रक्रिया चल रही है। सूत्र ने बताया, सनी और रेवती फिल्म में एक कपल के रूप में नजर आएंगे। इसमें उनकी वैवाहिक जिंदगी को काफी हंगामेदार दिखाया जाएगा। फिल्म में श्रुति बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आएंगी। खबरों की मानें तो फिल्म की कहानी में यह दिखाया जाएगा कि कैसे एक बेटी अधेड़ उम्र के कपल के बीच प्यार को जगाने में मदद करती हैं। फिल्म का निर्देशन बाल्की ही करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, सनी और श्रुति ने फिल्म के लिए पिता और बेटी के किरदार निभाने के लिए अपनी सहमति जतायी है। इस फिल्म की शूटिंग अक्टूबर, 2021 के आसपास शुरू हो सकती है। सनी के इस प्रोजेक्ट को शुरू करने से पहले बाल्की अपनी एक थ्रिलर फिल्म की शूटिंग पूरी करेंगे। बाल्की चीनी कम, पा और की एंड का जैसी फिल्मों को निर्देशित कर चुके हैं। पैडमैन का निर्देशन भी उन्होंने ही किया है। सनी को पिछली बार 2019 में फिल्म ब्लैंक में देखा गया था।

## वन-टू-वन

### रामजानकी मंदिर प्रांगण सेभव्य कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

पन्ना जिले महाराज गंज गांव में स्थित रामजानकी मंदिर के मंदिर प्रांगण में भागवत कथा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। ग्रामीण उदय लोधी बताया कि भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से होकर कथास्थल पहुंचकर संपन्न हुई। इसके बाद कथा का वाचन शुरू हुआ। कथा में कथावाचक साध्वी राधिका शास्त्री द्वारा प्रथम दिन भागवत कथा के श्रवण का महत्व बताते हुए कहा कि प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में एक बार तो भागवत कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए, क्योंकि भागवत कथा के माध्यम से ही मनुष्य को अपनी परेशानियों का हल मिल सकता है। इस अवसर पर कई महिलाएं तथा पवई विधानसभा के विधायक माननीय प्रहलाद लोधी जी शामिल हुये ।

### खेरागढ़ के अंतर्गत श्री होतम सिंह नगर अध्यक्ष कॉन्ग्रेस



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**आगरा ।** खेरागढ़ कार्यालय पर अखिल भारतीय जमीनी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय जीतू दीमान जी के दुबारा ठाकुर ओमप्रकाश सिकरवार जी को उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है उसी उपलक्ष्य में विधानसभा खेरागढ़ के कस्बा खेरागढ़ में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने ओमप्रकाश सिकरवार जी का ज़ोर दार स्वागत किया गया और मिठाई वितरण कर जोरदार से भव्य स्वागत किया गया वही जिला महासचिव मुरारीलाल सिकरवार जी का कहना है कि जब कांग्रेस की सरकार उत्तर प्रदेश में बनकर आएगी तो वह बढ़ती हुई महंगाई को रोकने का प्रयास करेगी और उन्होंने कहा कि जो किसान भाइयों के लिए भी इस कानून को बदला जाएगा तथा किसानों के हित में अपना कार्य करेगी जिसमें मुख्य रूप से जिला महासचिव मुरारीलाल सिकरवार नगर अध्यक्ष होतम सिंह चौहान जी व्लांक खेरागढ़ अध्यक्ष राज कुमार तौमर जी अमित उप्रती जिला सचिव राधाकृष्णन न्यायपंचायत अध्यक्ष पप्पु उर्फ लखमी चंद राजपुत व्लांक उपाध्यक्ष रामु तौमर राधेश्याम श्याम परमार आदि लोगों ने प्रदेश उपाध्यक्ष जी का फुल माला सुआपा पेन्हा कर जोर दार स्वागत किया गया है।

### इलाज के बहाने ढोंगी फकीर ने महिला के साथ 2 सालों तक किया दुष्कर्म,FIR दर्ज



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी ।** मध्यप्रदेश के आगर-मालवा जिले में एक दरगाह के पास रहने वाले एक ढोंगी फकीर बाबा पर महिला ने 2 सालों तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है. बाबा दरगाह के पास एक कुटिया में लोगों का उपचार करता था. फिलहाल महिला के शिकायक पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।जिसकी तलाश जारी है। दरअसल, सोयत में प्यारे मियां दरगाह के पास फकीर बन कर बैठा करता था. साथ ही वह हाथ-पैर और कमर दर्द की बीमारियों का उपचार करने का भी दावा करता था. इसी बीच एक महिला फकीर के चंगुल में फंस गई और अपना उपचार कराने उसके पास जा पहुंची। महिला का बाबा पर आरोप है कि आरोपी ने महिला को दवा के नाम पर चाय में नशे की दवा मिला कर दी और फिर दुष्कर्म किया. साथ ही बाबा ने उसका वीडियो भी बना लिया. वीडियो बनाने के बाद आरोपी ढोंगी बाबा महिला को लगातार ब्लैकमेल कर करीब 2 वर्षों तक उसका बलात्कार करता रहा. जिससे परेशान होकर महिला ने अपने परिजनों के साथ आगर महिला थाने में आरोपी प्यारे मियां के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया है।

### देवास मे पकडाया नकली अमूल ओर सॉची घी का कारखाना

**भोपाल।** प्रदेश के देवास में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए नकली घी का कारखाना पकडा है, इस कारखाने मे नकली घी को नामी अमूल और सांची के रैपर लगाकर बेचा जाता था। जानकारी के अनुसार शहर की कोतवाली पुलिस ने त्रिलोक नगर में मिलावटी घी बनाने के कारखाने का भंडाफोड़ किया है। यहां एक क्विंटल मिलावटी घी सहित करीब पांच लाख रुपये का माल जब्त किया गया है। शातिर सांची और अमूल के रैपर लगाकर यह घी कम कीमत में बेचते थे, पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। बीती देर शाम पुलिस ने इसका खुलासा किया है। कोतवाली पुलिस ने दबिश देकर मिलावटी घी और सामग्री के साथ देवनारायण चौधरी निवासी त्रिलोकनगर, इटावा (देवास) और पुरुषोत्तम गड़रिया निवासी हम्मालनगर (इंदौर) को गिरफ्तार किया है।

# सेवा और समर्पण अभियान के तहत 71 दिव्यांगजनों को उपकरण वितरित

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**(तहसील एवं एसडीएम कार्यालय के नवीन भवन निर्माण के लिए 8 करोड़ की राशि की घोषणा की)**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म उत्सव को पूरे देश में सेवा और समर्पण अभियान के रूप में मना रही है। इसी श्रृंखला में दिव्यांगों को उपकरण वितरित किये गए ।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिव्यांगों को कृतिम अंग एवं उपकरण वितरण कार्यक्रम मेहगांव के भारद्वाज निवास पर आयोजित किया गया जिसमें दिव्यांगजनों को ट्रायसिकल, व्हीलचेयर, बैसाखियाँ, छड़ी, श्रवण संबंधी उपकरण वितरित किये गए । कार्यक्रम की रूपरेखा कार्यक्रम प्रभारी श्री समाजसेवी अशोक भारद्वाज ने अपना प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि दिव्यांगजन को हर तरह की मदद करने के लिए भाजपा सरकार संकल्पित है। केंद्र एवम प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को लाभान्वित कर रही है।दिव्यांगजन हमारे समाज का एक हिस्सा हैं जो विभिन्न क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर लोहा मनवा रहे हैं। दिव्यांगजनों के प्रति केंद्र एवम प्रदेश सरकार की सकारात्मक सोच एवं दृढ़ इच्छाशक्ति पैरालंपिक में देखने को मिली, खिलाड़ियों के अथक परिश्रम एवं सरकार के सहयोग से पैराओलंपिक में खिलाड़ियों का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा है । 4 गोल्ड मैडल सहीत 19 मैडल पहली बार देश के दिव्यांग खिलाड़ियों ने जीते है । खिलाड़ियों की ट्रेनिंग से लेकर साधन संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक आवश्यक सुविधा सरकार दे रही है जिसका परिणाम हमारे सामने है । जिले के प्रभारी मंत्री



राजपूत ने कहा कि मोदी सरकार दिव्यांगों को उपकरण देकर स्वावलंबी बना रही है, ताकि वह अपना कार्य करते हुए रोजगार करें और जीवन को सुगम बना सके। जिनको बैसाखियां, ट्राई साइकिल, व्हील चेयर मिली है, उन्हें अब किसी के सहारे की आवश्यकता नहीं होगी, दिव्यांग अब अपना काम स्वयं कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा अच्छे काम में व्यवधान डालने का काम करती है भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता हर आपदा में गरीब मजदूरों किसानों, झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीबों की सेवा के लिए आगे आकर जल सेवा भाव का कार्य करते हैं और वहीं उन्होंने मेहगांव तहसील एवं एसडीएम भवन के नए निर्माण भवन हेतु 8 करोड़ की राशि शिरकत करने की घोषणा की जिसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाने की बात कही 7 प्रभारी मंत्री राजपूत ने दिव्यांगजनों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सेवा और समर्पण अभियान के तहत समाज मे विभिन्न रचनात्मक कार्य कर रही है जिससे प्रत्येक दिव्यांग बंधु को आवश्यक साधन उपलब्ध हो सके एवं वो विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हो सके, इसके लिए भाजपा दृढ़संकल्पित है। उन्होंने दिव्यांगों का आह्वान किया कि वह पूरी दृढ़ता और हौसलों से समाज का हिस्सा बनें, अपने को किसी तरह कमजोर नहीं समझें।

उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य में पात्र दिव्यांग भाइयों और बहनों को स्वचालित ट्राईसाईकल भी उपलब्ध हो सके ये भी प्रयास रहेंगे इसके लिए आवश्यकता पड़ने पर सांसद जी और में भी अपने मद से सहयोग के लिए तत्पर हैं 7 भारतीय जनता पार्टी संगठन एवं हमारी सरकारें दिव्यांगजनों के सम्मान और सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है ।

मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने संबोधित करते हुए कहा की जन सेवा के लिए केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार है पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय मिशन के साथ गरीबों के विकास के लिए पूर्ण रूप से संकल्पित है 7 राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा समाज सेवा करने का भाव अगर है तो भाजपा के कार्यकर्ताओं में ही उसकी झलक दिखाई देती है जन सेवा ही संगठन की विचारधारा है इससे बढ़कर और कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता हमारी भाजपा सरकारें अंतिम छोर के खड़े हुए व्यक्ति को आगे की पंक्ति में खड़ा करने की योजनाएं बनाकर सर्व समाज को आत्मनिर्भर बनाने की ओर कार्य कर रही है ।

# गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन मामले में बड़ी कार्रवाई, नगर निगम ने अपने 9 कर्मचारियों पर दर्ज कराई FIR

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**इंदौर ।** मध्य प्रदेश के इंदौर में अनंत चतुर्दशी पर विसर्जन के दौरान गणेश प्रतिमाओं को फेंकने और वीडियो वायरल होने के बाद नगर निगम कर्मचारियों पर बड़ी कार्रवाई हुई है. नगर निगम ने अपने 9 कर्मचारियों के खिलाप एफआईआर दर्ज कराई है। दरअसल, मामला जवाहर टेकरी का है। जहां गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान नगर निगम के कर्मचारियों ने प्रतिमा को फेंकने लगे।जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामला सामने आने के बाद कांग्रेस ने सरकार और नगर निगम पर कई सवाल उठाए थे. जिसके बाद बीजेपी सांसद शंकर ललवानी ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए कार्रवाई करने की बात कही थी।

नगर निगम ने 85 वार्डों में गणेश प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्था की थी।उसमें पीओपी की मूर्तियों को व्यवस्थित तरीके से गिट्टी खदान वाले स्थान पर विसर्जित करने की बात कही थी, लेकिन अपमानित ढंग से नगर निगम कर्मचारियों द्वारा गणेश मूर्ति का



विसर्जन करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।जिसके बाद नगर निगम के 7 कर्मचारियों और 2 सुपरवायजर के खिलाफ नगर निगम ने ही चंदन नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। बता दें कि धार रोड पर गिट्टी खदान में निगम अफसरों की मौजूदगी में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा था।जैसे ही अधिकारी वहां से हटे तो निगम कर्मचारियों ने ट्रक और जेसीबी के अंदर से ही तालाब में मूर्तियों को फेंकना शुरू कर दिया. इस विसर्जन का वीडियो सामने आने के बाद पहले तो ?अधिकारियों ने इसे इंदौर का मानने से इंकार कर दिया, लेकिन पुष्टि होने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया।

# 8 साल के बच्चे ने दी पिता को मुखाग्नि



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**दबोह ।** भिंड जिले के दबोह में 8 वर्षीय बालक ने अपने 45 वर्षीय पिता को मुखाग्नि दी।यहां बता दें कि दबोह नगर के वार्ड नम्बर 14 निवासी मनोज गुप्ता पुत्र स्वर्गीय लखनलाल गुप्ता को मंगलवार को उनके 08 वर्षीय पुत्र अभी गुप्ता ने मुखाग्नि दी।मनोज गुप्ता बहुत ही सरल,सहज एवम हंसमुख स्वभाव के व्यक्ति थे।वह भिंड जिले के गोरमी क्षेत्र के शासकीय माध्यमिक विद्यालय डोंगरपुरा में अध्यापक के पद पर पदस्थ थे।मनोज गुप्ता आए कुछ समय से बीमारी से जूझ रहे थे जिसके चलते उन्होंने भोपाल के स्का हॉस्पिटल में उपचार के दौरान अंतिम सांस ली।मनोज गुप्ता अपने जाने के बाद एक हंसता खेलता परिवार पीछे छोड़ गए।मनोज गुप्ता अपने परिवार में पत्नी शिखा समेत 10 वर्षीय पुत्री अनुष्का गुप्ता व 8 वर्षीय पुत्र अभी गुप्ता समेत माँ और भाईयो को रोते बिलखते छोड़ गए।मनोज गुप्ता की मौत की खबर जैसे ही नगर ने फैली वैसे ही लोगो की आंखें नम हो गई।उनके निधन पर नगर के वरिष्ठजन,गणमान्य नागरिक,शिक्षक संघ समेत समाज के लोगो ने शोक व्यक्त किया।

## पोषण वाटिका का ग्राम पंचायत लभेडा आंगनवाड़ी सेकंड पर परियोजना अधिकारी द्वार किया गया लोकार्पण

**राकेश परिहार रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**



**पिछोर-** ग्राम पंचायत की आंगनवाड़ी केंद्र लभेड़ा सेकंड पर पोषण वाटिका का लोकार्पण परियोजना अधिकारी अरविंद तिवारी जी द्वारा किया गया यहां पर बता दें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस ऑनलाइन पोषण वाटिका नवनिर्मित का उद्घाटन किया किया जा रहा है जो अरविंद तिवारी ग्राम पंचायत लभेडा में मुख्य भूमिका में नजर आए और उनके द्वारा हितग्राहियों एवं ग्राम वासियों को बिस्किट आदि वितरण किए गए एवं जिन बच्चियों का लाड़ली लक्ष्मी स्वीकृति पत्र वितरण किए गए 1 नेहा बंशकार 2 खुशबू लोधी 3 रोशनी लोधी 4 दीपांजलि लोधी 5 खुशबू लोधी इस मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच आंगनवाड़ी श्रीमती सुपरवाइजर राम कुमार झा रैना लोधी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हंसमुखी लोधी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कलावती आदिवासी सहायिका कपूरी जाटव सहायिका अमोल लोधी और वहां पर भारी संख्या में ग्राम की महिलाएं एवं बच्चियां उपस्थित रही।

# डॉ. श्याम बिहारी शर्मा की स्मृति में हुआ सात सौ ग्यारह तुलसी पौधों का वितरण

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**(समाजसेवियों एवं पंचवटी पौधशाला की शानदार पहल)**

**भिण्ड।** डॉ. श्याम बिहारी शर्मा की स्मृति में समाजसेवियों एवं पंचवटी पौधशाला की संयुक्त पहल से शहर के मंशा पूर्ण हनुमान मंदिर में श्री श्री 1008 महंत शुभेन्द्र नारायण पुरी जी महाराज (पत्ती वाले महाराज जी) के कर कमलों एवं मंदिर के पुजारियों द्वारा डॉ. शर्मा के पौत्र देवांशु शर्मा राम और काव्या शर्मा के साथ पूजा अर्चना कर तुलसी के सात सौ ग्यारह पौधों का वितरण किया गया। महाराज जी ने कहा इस पावन पितृ-पक्ष में अपने पूर्वजों को स्मरण करते हुए तुलसी पौध वितरण का पुनीत कार्य अत्यंत सराहनीय है। पूज्यनीय पितृ सदैव कल्याण करेंगे, तुलसी का पौधा जिस घर में होता है वह अपने जीवन में सुख और संतोष से परिपूर्ण होता है। ऐसे पुण्य कार्य करने से हमें अपने पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। डॉ श्याम बिहारी जी हमेशा सामाजिक कार्यों में पूर्ण तन्मयता के साथ कार्य करते रहे। आज उनकी स्मृति में यह कार्य अनुकरणीय है। सर्वप्रथम उनके नाती देवांशु शर्मा राम और नातिन काव्या शर्मा ने मंदिर में भगवान के चरणों में तुलसी के पौधों को अर्पित किए। प्रोफ़ेसर इकबाल अली ने कहा आज विश्व शांति दिवस भी है इस अवसर पर तुलसी वितरण का कार्य




शांति और भाईचारे को बढ़ाते हुए दृश्य-अदृश्य, चर-अचर, जड़-चेतन में बसुधैव- कुटुंबकम को चरितार्थ करता है। भारतीय सनातन संस्कृति की प्रेरणा से श्राद्ध पक्ष के प्रथम दिवस पर डॉ शर्मा जी की याद में तुलसी पौधा वितरण धार्मिक कार्य के साथ-साथ पर्यावरणीय संरक्षण का संदेश भी देता है। इस अवसर पर मंशापूर्ण हनुमान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्याम सुंदर सिंह जादोन,भरत चतुर्वेदी, जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी जे.के. जैन, अनिल शर्मा,रामानंद शर्मा, शिव प्रताप सिंह भदौरिया, कमलेश सेंथिया डॉ. साकार तिवारी, डॉ. अवधेश सोनी, धर्मेंद्र शर्मा, कमल किशोर शर्मा, अतिराज नरवरिया, नीरज शर्मा, रामवीर राजावत,अवधेश शर्मा, राहुल शर्मा, धीरज श्रीवास्तव, हसरत हयात, वीरेंद्र ओझा, राजेश पाराशर,सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे।

# महिला कांग्रेस की ग्वालियर चम्बल प्रभारी सीमा समाधिया के भिण्ड आगमनपर हुआ तर्पण का कार्यक्रम

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश महिला कॉग्रेस की उपाध्यक्ष,ग्वालियर एवं चम्बल प्रभारी श्रीमती सीमा समाधिया महिला कॉग्रेस की बैठक लेने भिंड आयी इस अवसर पर प्रदेश महिला कांग्रेस के आह्वान पर चल रहे पितृ पक्ष में कोरोना काल के समय मृत लोगो की आत्माओ की शांति के लिए तर्पण भी किया उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आज महिलाएं देश की तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है आने वाले समय मे 50 परसेंट आरक्षण लागू हो तो देश के विकास में महिलाएं बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रही है महिलाओं की पहुच अब किचन से सरकार चलाने तक हो गयी है इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती रेखा भदौरिया ने कहा कि कांग्रेस ही महिलाओं की बात करती है कांग्रेस आने वाले चुनावों में महिलाये कांग्रेस की सरकार बनाने में अपना योगदान देगी। कार्यक्रम का संचालन नगर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सन्तोष त्रिपाठी ने किया इस अवसर पर



शहर अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा,पूर्व जिला्यक्ष जय राम वघेल ,सेवा दल जिलाध्यक्ष संदीप मिश्रा, जिला उपाधयक्ष वीरेंद्र यादव,नगरकांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ,हरनारायण शर्मा ,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पिकी जाटव,कामिल खान,राहुल कुशवाह , अजय जैन ठाकुर ,अंकित तोमर , रोकी तोमर ,संदीप शाक्य कमलेश,मनोज जैन जाटव ,रामहेत शाक्य ,सुनीता दोहरे ,सरोज ,जानकी नीलम भदौरिया, रूबी जाटव ,उषा धाकड़ , मनीषा शाक्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अर्थ चिंतन 2021 दिनांक 23, 24 व 25 सितंबर 2021

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग,**
**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** केसी शर्मा ग्वालियर महानगर संयोजक स्वदेशी जागरण मंच ने प्रेस विज्ञप्ति द्वारा बताया कि स्वदेशी जागरण मंच पिछले 30 वर्षो से अपने शोध, गतिविधियो व अन्य माध्यमो से योगदान कर



देश की आर्थिक स्थिति को दिशा देने एवं उन्नत करने में सहयोग करता है। भारत का हित स्वदेशी दृष्टिकोण का मुख्य सूत्र है। कोरोना महामारी एवं तेजी से बदलते अन्य हू भू राजनैतिक घटनाक्रम के कारण न केवल देश की वल्कि विश्व की अर्थ व्यवस्थाए डगमगाई है। युवाओ के देश भारत में रोजगार,जो पहले से ही विषम परिस्थिति मे था,कोरोना के कारण और भी लडखडा गया है। इन परिस्थितियो में देश की आर्थिक व रोजगार की दिशा में आगामी सकारात्मक पहल क्या हो सकती है? इस विषय पर व्यापक चिंतन स्वदेशी जागरण मंच ने किया है। भविष्य में भारत का मार्ग क्या हो?इस पर देश व्यापी चर्चा के लिए स्वदेशी शोध संस्थान एवं एसोसियेशन आंफ इन्डियन यूनिवर्सिटीज ने एक पहल की है। इसके अंतर्गत दिनांक 23, 24 व 25 सितंवर 2021 को आंन लाइन प्लेटफार्म पर विभिन्न अर्थ शास्त्री, राज नेता, विद्वान, कृषि विशेषज्ञ, उध्धोग पति व अन्य सामाजिक संगठन चर्चा करेंगे। रोजाना यह चर्चा शांम 6बजे से 8 बजे तक चलेगी,ज़िसका विभिन्न प्लेट फार्म पर लाइव प्रसारण किया जाएगा। पंडित दीन दयाल उपाध्याय के जन्म दिवस पर इस चर्चा का पहला चरण पूर्ण होगा।

## वन-टू-वन

### स्वर्गिय कानसिंह के पुण्यतिथी पर वर्धआश्रम में दिवंयाग लोगों को वस्त्र भेंट किये व भोजन खिलाकर मनाया



**पुष्पाजंली टुडे**

**मैसूर –** टी नरसीपुरा तहसील के बन्नूर गांव में समाजसेवी महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने अपने स्वर्गीय पिता स्व.कानसिंह राजपुरोहित के पुण्य तिथी पर तस्वीर पर पुष्पहार चढाकर याद किया ।इस अवसर पर ब्रामण गोविन्द पारीक, दिलीप पारीक, महेंद्र सिंह के पुत्र रोशन सिंह, विराट सिंह, दर्शन, बेटी कंगना, वनीया, व माता गवरीदेवी, बहन शारदा देवी,मंजूलता, राजेंद्र सिंह,नारायणापा मौजूद थे ।इस अवसर पर महेंद्रसिंह राजपुरोहित ने 12 वर्षो से अनाथ आश्रम व वर्धआश्रम मे प्रति वर्ष खाना खिताते है ।और इसी अवसर पर आज मैसूर में वर्धआश्रम में दिवंयागों व विकलांगो को खाना वितरण किया ।और उनको वस्त्र भेंट किये । व ब्रामणों को वस्त्र भेंट किए व उनका आशीर्वाद लिया। आज इस अवसर पर जोधपुर में सत्य प्रेम करूणा सेवा संस्थान जोधपुर में भजन संध्या का आयोजन रखा गया । व संस्थान मे विकलांगो को खाना वितरण किया ।

### क्षमावाणी पर्व पर निकली श्रीजी की शोभायात्रा



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** –पर्यूषण पर्व समापन के पश्चात क्षमावाणी के दिन विगत कई वर्षों से चमत्कारी 1008 श्री पारसनाथ भगवान की रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन किया जाता है जिसमें इस वर्ष भी श्री जी की पालकी द्वारा नगर के भ्रमण करते हुए जुलूस मंदिर पर पहुंचा जहां श्रीजी का अभिषेक कलश आरती पूजन आदि क्रियाएं संपन्न हुई जिसमें समाज के सभी जागरूक लोगों ने शांति के साथ रथ यात्रा का आयोजन किया इस अवसर पर सकल जैन समाज के महिला पुरुष एवं बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### अम्बाह  जनसुनवाई के शुरूआत दौर में ही एसडीएम समाधिया के द्वारा 10 लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण



**पुष्पांजली टुडे**

**अम्बाह ।** कोरोना से रूकी जनसुनबाई के लंबे अरसे के बाद  सुनवाई आज जनपद पंचायत में सम्बधित अधिकारियो द्वारा प्रारंभ की गई। इस मौके पर एसडीएम राजीव समाधिया तहसीलदार राजकुमार नागौरिया, अम्बाह पटबारी शिबमोहन व राजेश तोमर सहित जनपद पंचायत की सीईओ मौजूद थी। इस दौरान ग्रामीण अंचल एवं शहरी क्षेत्र से 20 आवेदन जनसुनवाई में प्राप्त हुए जिनमें से 10का निराकरण मौके पर ही किया गया एसडीएम राजीब समाधिया ने बताया कि शेष समस्याओं का निराकरण भी जल्द ही किया जाएगा। श्री समाधिया ने कहा कि उनकी कोशिश है कि जनसुनवाई के माध्यम से आम जनता की समस्याओं का निराकरण ज्यादा से ज्यादा किया जा सके इसके लिए शासन के आदेश के अनुसार अब प्रत्येक मंगलवार को जनपद पंचायत में जनसुनवाई आयोजित की जाबेगी जिसमें सभी विभागों के सम्बधित अधिकारी कर्मचारी प्रत्येक मंगलबार मौजूद रहेंगे।

### सेवड़ा विधायक ने 25 केवी विद्युत ट्रांसफार्मर का किया लोकार्पण



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**दतिया ।** थरेट प्रतिनिधि-सेवढा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत दभैरा मैं स्थित बापू की बगिया मैं विधायक कुंवर घनश्याम सिंह विधायक सेवड़ा ने विधायक निधि द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति के लिए रखा ट्रांसफर का लोकार्पण किया । धार्मिक क्षेत्र- बापू की बगिया मैं 21 वर्षों से हर वर्ष महाशिवरात्रि पर श्री भागवत कथा शिव पुराण रामलीला सुंदरकांड यादी धार्मिक कार्यो का आयोजन प्रतिवर्ष होता है। बापू की बगिया के अध्यक्ष श्री ब्रजमोहन पटसारिया ने बिजली ना रहने की समस्या को विधायक जी को अवगत कराया तो विधायक ने विधायक निधि द्वारा ट्रांसफर रखवा दिया। इस अवसर पर दभैरा के पूर्व सरपंच श्री राम जी चरण पटसारिया रामकिंकर गुर्जर जिला पंचायत सदस्य अभिषेक तिवारी केपी यादव दीपेंद्र पुरोहित संतोष पटसारिया आदि लोग लोकार्पण में सम्मिलित हुये।

# पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा का शिवराज-सिंधिया पर हमला

### शिवराज और सिंधिया को जनता ने नकार दिया

### आने वाले चुनाव में इनसे हमें कोई परेशानी नहीं है



**भोपाल।** ग्वालियर में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के 3 दिवसीय प्रवास और रोड शो को लेकर बवाल थमता नजर नहीं आ रहा है। ग्वालियर प्रवास पर कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, नरेंद्र सिंह तोमर को आड़े हाथों लिया है। पूर्व मंत्री वर्मा बोले हैं कि शिवराज को 2018 में प्रदेश की जनता ने नकार दिया। सिंधिया को गुना, शिवपुरी और ग्वालियर की जनता ने नकार दिया। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर फेल हो गए हैं। श्योपुर में जनता ने कीचड़ फैंकी। इसलिए आने वाले चुनावों में कांग्रेस को उनसे कोई परेशानी नहीं है। जल्द मुख्यमंत्री बदलने वाले हैं। ग्वालियर में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बुधवार को होने वाले रोड शो (शोभा यात्रा) को लेकर कांग्रेस तीखे तेवर में आ गई है। कांग्रेस रोड शो के विरोध में फूलबाग गांधी प्रतिमा के पास शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करेगी। इसमें 5 हजार कार्यकर्ता शामिल होने का दावा किया गया है। इसका नेतृत्व पूर्व मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता सज्जन वर्मा करेंगे। उनका कहना है कि धरना प्रदर्शन की प्रशासन से अनुमति मांगी गई है। नहीं देते हैं तो भी हम प्रदर्शन करेंगे। धरना प्रदर्शन की जानकारी देते पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा है कि हमारे धरना प्रदर्शन में भीड़ एकत्रित नहीं करेंगे, हमारे प्रदर्शन में महाराज जैसी भीड़ न हो, लेकिन जमीनी कार्यकर्ता होगा।

**भाजपा की दो विचारधारा हैं:** पूर्व मंत्री वर्मा ने कहा कि भाजपा की दो विचार धारा हैं। जब कोई धार्मिक आयोजन होगा तो परमिशन नहीं देगी, तब कोरोना खतरा होता है, लेकिन जब नेताजी का महिमा मंडन करना हो तो हाल परमिशन मिल जाती है। भाजपा के यह दो चेहरे हैं। हम विपक्ष में बैठे हैं तो हमारा कर्तव्य है कि हम सही बात उन तक पहुंचा दें। वही काम हम कर रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया अब ग्वालियर आ रहे हैं। उन्हें डर है कि श्योपुर में कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर की तरह ग्वालियर में उन पर कीचड़ न फैंक दी जाए। इसलिए वह अपने आसपास अपने नेताओं की फौज लेकर आना चाहते हैं। उनकी तैयारी में बड़े-बड़े नेता लगे हैं।

**सिंधिया की सेवा में लगे अफसरों की ली चुटकी:** पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने मीडिया से कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने ब्यूरोक्रेट्स अफसरों के लिए क्या कहा है। उनका बयान है मेरी राय नहीं है, लेकिन वह अपने आप में सब कुछ कह रहा है। यहां बता दें कि उमा भारती का एक बयान वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

### सांसद का बेटा बताकर पुलिसकर्मियो से मारीपट करने वाला गया जेल

**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा का बेटा बताते हुए पुलिसकर्मियों से मारपीट करने वाले युवक ओर उसके साथी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। बताया गया है कि दोनों युवकों ने नशे की हालत में दो युवकों के साथ झूमाझटकी और मारपीट भी की थी। वहीं गलत पहचान बताने पर पुलिस ने युवक के खिलाफ गलत जानकारी देने की धारा भी बढ़ा दी है। एमपी नगर पुलिस ने बताया कि आरक्षक निर्मल सिंह और सुरेश सोलंकी रविवार की रात गश्त करते हुए एमपी नगर जोन वन में पहुंच थे। यहां पर उन्होंने देखा कि नशे की हालत दो युवक एक गार्ड से झगड़ रहे हैं। दोनों आरक्षक जब इन युवकों को समाइश देने पहुंचे तो युवकों ने सिपाहियों के साथ ही झूमाझटकी करते हुए उन्हें जमीन पर गिरा दिया।

## एल मुरुगन ने दाखिल किया राज्यसभा के लिए नामांकन



**भोपाल।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने मंगलवार को राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया। उन्हें भाजपा ने मध्यप्रदेश से उम्मीदवार बनाया है। सुबह भोपाल पहुंचने के बाद एल मुरुगन भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे। पार्टी संस्थापकों की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद वे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पार्टी प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा समेत मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ विधानसभा जाकर अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रस्तावक बने।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा कि मुरुगनजी बहुत ही समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ता हैं। बचपन से ही उन्होंने बीजेपी विचारधारा से जुड़कर काम किया है। प्रदेश अध्यक्ष के नाते भी उन्होंने काम किया है। मध्यप्रदेश के लिए सौभाग्य की बात है कि मुरूगन जी के रूप में एक और केंद्रीय मंत्री मध्यप्रदेश को मिला है। यहां की जनता के कल्याण में वह अहम भूमिका का निर्वाह करेंगे। मैं मध्यप्रदेश में उनका स्वागत करता हूं। वहीं प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने कहा कि अनुसूचित जाति के क्षेत्र में तमिलनाडु में उन्होंने नेतृत्व किया है। हमारा सौभाग्य है कि ऐसा नेतृत्व केंद्रीय नेतृत्व के आदेश पर अब मप्र का प्रतिनिधित्व करेगा। मध्य प्रदेश के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। बहुत ही मेहनती कार्यकर्ता के नाते से उनकी तमिलनाडु में पहचान रही है। हम सभी को उनका नेतृत्व और मार्गदर्शन मिलेगा। इस मौके पर मुरुगन ने सभी का धन्यवाद करते हुए केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताया। वीडी शर्मा ने कहा कि कहा कि कांग्रेस को डर लग रहा है कि राज्यसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार खड़ा कर दिया तो बचे हुए विधायक भी इधर-उधर न हो जाएं। इस डर से कांग्रेस घबराइ हुई है। कमल नाथ पूरे संगठन पर कब्जा किए हुए हैं। उनको लगता है कि दूसरे व्यक्ति को लड़ाएंगे तो हाई लाइट होगा, कुल मिलाकर कांग्रेस डरी हुई है।

## पुलिस को टूटा पैर और फटी हालत में मिला राजधानी से हत्या का फरार इनामी आरोपी पप्पू चटका

**भोपाल।** पंचशील नगर में युवक की हत्या के मामले में फरार चल रहे तीस हजार के इनामी बदमाश पप्पू चटका को भोपाल पुलिस की टीम ने गोवा से पकड़ लिया। आरोपी का पांव गंभीर चोटिल है, वह ठीक से चल नहीं पा रहा। तीस हजार का फरार इनामी बदमाश धरपकड के दौरान हाफ पेंट और फटी शर्ट पहना हुआ था। उसके पांव में घाव देख पुलिस ने पूछताछ की तो आरोपी ने बताया कि उसके पास इलाज के पैसे नहीं थे। पुलिस की टीम उसे गोवा से भोपाल लेकर रवाना हो गई है। पुलिस के मुताबिक पंचशील नगर में बदमाश पप्पू चटका ने अपने साथियों के साथ मिलकर शाहिद नाम के एक युवक की हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस पप्पू के साथियों को पकड़ लिया था, लेकिन वह फरार हो गया था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर तीस हजार रुपए का इनाम घोषित किया हुआ था। इसी बीच उसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वॉयरल हुआ था। जिसमें वह एक युवक के साथ मारपीट करता हुआ दिखाई दे रहा था। इसको देखते हुए डीआईजी इरशाद वली ने पप्पू चटका की गिरफ्तारी पर तीस हजार रुपए का इनाम घोषित किया हुआ था।

### किराये पर ली गई बोलेरो कार को जालसाज लेकर हुआ रफुचक्कर

**भोपाल।** राजधानी के निशातपुरा इलाके मे दो जालसाजों द्वारा एक व्यक्ति से 23 हजार महीने किराये पर बोलेरो को किराए पर लेकर उसे हड़प लिये जाने का मामला सामने आया है। फरियादी की शिकायत की जांच के बाद में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। थाना पुलिस के अनुसार लक्ष्मण सिंह पिता वीरभान (45) खजूरी सड़क के रहने वाले हैं। उन्होने लिखित शिकायत करते हुए बताया कि उनकी पहचान राजपाल सिंह और विनोद मीणा से हुई थी। दोनों ने लक्ष्मण सिंह को झांसा दिया था, कि वे उसकी बोलेरो लेकर 23 हजार रुपए महीना किराया देंगे। बोलेरो का डीजल भी वे खुद भरवाएंगे। लक्ष्मण आरोपियों की बातों में आ गया और अपनी बोलेरो 16 मार्च को उन्हें करोंद चौराहा पर दे दी। बोलेरो देने से पहले लक्ष्मण सिंह ने दोनों से एग्रीमेंट कराया था। एग्रीमेंट छह महीने का था।

### एफ.पी.ए.आई.इंडिया ग्वालियर द्वारा साइट्सेवर्स इंडिया के सहयोग से आज झांसी इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड के ट्रक ड्राइवरों एबं क्लीनर्स के लिए निश्शुल्क नेत्र जांच शिविर का किया आयोजन!



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** एफ पी ए आई इंडिया ग्वालियर द्वारा साइट्सेवर्स इंडिया के सहयोग से आज झांसी में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड में ट्रक ड्राइवरों एवम क्लीनर्स के लिए निश्शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे इंडियन ऑयल झांसी के वरिष्ठ डिपो प्रबंधक कृष्णम सिंह चौहान जी मौजूद रहे। उन्होने अपने उद्बोधन मे सभी ट्रक ड्राइवरों को सड़क सुरक्षा पर जागरूक किया और बताया कि हमेशा रोड पर अपनी निगाह बना कर गाड़ी चलाए साथ  ही उन्होने ट्रक ड्राइवर को चश्मे भी वितरित किए। कार्यक्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की शाखा प्रबंधक श्रीमती नीलम दीक्षित जी ने की उन्होने सभी को स्वास्थ्य पर हमेशा जागरूक रहने की अपील की साथ ही उन्होने बताया की किस प्रकार साइटसेवर्स के सहयोग से लगातार ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होता रहेगा। उन्होने ट्रक ड्राइवरों एवम क्लीनरों को कोविड जैसी घातक बीमारी से बचाव के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डिपो के सेफ्टी ऑफिसर श्री मोहन राज कुमार गुप्ता उपस्थित रहें उन्होंने सभी लोगो को एच आई वी /एड्स जैसी बीमारी से बचाव पर चर्चा की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में संस्था के कार्यक्रम अधिकारी श्री अच्छेंद्र सिंह कुशवाह उपस्थित रहें उन्होंने सभी को संस्था द्वारा चलाई जा रही नवीन गतिविधियों एवम किस प्रकार ड्राइवर्स एबं क्लीनर्स को संस्था से जोड़कर लाभ दिया जा सकता है इस विषय पर जानकारी दी।

## 50 दिन में डेढ़ दर्जन गांवों में पहुंचे विधायक घनश्याम सिंह  1490 बाढ़ पीड़ितों के हाथ पहुंचाई राहत सामग्री

**बोले सुख -दुःख में सदैव आपके साथ खड़ा रहूंगा**



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**दतिया।** सेंवढ़ा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों में बाढ़ पीड़ितों को राहत समाग्री वितरित करने के सेंवढ़ा विधायक घनश्याम सिंह के अभियान का मंगलवार को ग्राम सुनारी में 170 बाढ़ पीड़ित परिवारों को खाद्यान किट वितरित कर समापन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम वासियों को संबोधित कर विधायक श्रीसिंह ने कहा कि

बाढ़ के रूप में क्षेत्र वासियों ने बड़ी त्रासदी झेली हैं, आपदा के समय आप लोगों की छोटी मोटी मदद का सका। ईश्वर से प्रार्थना है कि सेंवढ़ा क्षेत्र पर ऐसी विपत्ति कभी नहीं आए। आप सब फिर से मेहनत कर जीवन को नए सिरे से शुरू करें। मैं सुख-दुख में सदैव आपके साथ खड़ा रहूंगा। 50 दिन में डेढ़ दर्जन गांवों में बाढ़ पीड़ित परिवारों के बीच पहुंच कर विधायक श्रीसिंह ने त्वरित मदद के तौर पर खाद्यान समाग्री की किट वितरित करवाई। 3 अगस्त से शुरू होकर राहत सामग्री वितरण का क्रम 21 सितंबर तक चला। इस दौरान 1490 बाढ़ पीड़ित परिवार जो बाढ़ की विभीषिका का दंश झेल रहे थे। त्वरित मदद के रूप में खाद्यान सामग्री की किटें जिनमें खाद्यान सामग्री 40 किलो गेहूं, सब्जी,दाल,चावल,मसाले व कपड़े तथा बाल्टी मग आदि शामिल है, वितरित की गई। किस्ती से नदी पार कर बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे थे ढिमरपुरा- जिले के दूरस्थ गांव ढिमरपुरा में बाढ़ से हुई तबाही देखने तथा बाढ़ पीड़ित परिवारों से मिलने सेंवढ़ा विधायक घनश्याम सिंह किस्ती में सवार होकर सिंध नदी पार कर गांव में पहुंचे थे, वहां घर-घर जाकर बाढ़ से ग्रामीणों को हुए नुकसान को करीब से देखा था। मालूम हो कि सिंध नदी में आई भीषण बाढ़ में ढिमरपुरा गांव पूरी तरह डूब गया था। बाढ़ के कारण नदी पर रतनगढ़ के पास बना टूट जाने से अब ढिमरपुरा के लोगों को नदी पार करने के लिए कस्तियों व ट्यूब का सहारा लेना पड़ रहा हैं। पुल टूट जाने से ढिमरपुरा सेंवढ़ा से पूरी तरह कट चुका हैं। सुनारी में बाढ़ पीड़ितों को राहत किट वितरण कार्यक्रम के समापन के अवसर पर प्रमुख रूप से ग्राम सुनारी के सत्येंद्र रावत, राजा साहब, इंदरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष बीके जाटव, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मीरेन्द्र सिंह जाट,डिंपल जाट, दीपक बच्ची जाट, मीनू कुशवाह, राजेश रावत, अमर सिंह रावत, शंभर सिंह रावत, मंगल सिंह बघेल आदि उपस्थित रहे।

## मूलभूत सुविधाएं को तरस रहे सहारिया आदिवासी पहुंचे कलेक्ट्रोरेट का घेराव करने,प्रशासन के रवैये पर जताई नाराजगी




**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**दतिया –** प्रशासन जनता और शासन की बीच की कड़ी होती परन्तु देखने मे आ रहा है दतिया के एसडीएम ओर भांडेर तहसीलदार सहारिया ओर आदिवासी समुदाय को मूलभूत सुविधाओं को मुहैया कराने मे भी रुचि नही रखते ।आज दतिया कलेक्ट्रेट में सेकड़ो की संख्या में पहुंचे सहारिया आदिवासी लोगो ने मीडिया के सामने अफसरों की के प्रति नाराजगी व्यक्त की। दरअसल खोड़न,रामसागर सहित भांडेर के सरसई, उनाव के सहारिया लोगों को कुटीर,शौचालय बनाने को राशि, राशन,गरीबी रेखा कार्ड से वंचित रखा गया है। प्रशासनिक मशीनरी सचिव,पँचायत सरपँच, पटवारी कोई भी इनकी नहीं सुनता है। आज सहारिया समुदाय की महिला पुरुषो के हाथ में भांडेर तहसीलदार सूर्य कांत त्रिपाठी को हटाने और जेल भेजने जैसी तख्तियां भी दिखी जो उन्होने कलेक्टोरेट में लहराई ।सडीएम एवं तहसीलदार की कार्यशैली को लेकर जताई नाराजगी पहले एसडीम दतिया अशोक सिंह चौहान को सहारिया लोगो ने अपनी समस्याएं बताई वाद में कलेक्टर संजय कुमार को आवेदन देकर समस्याओं के समाधान की मांग रखी।

अब ऐसे में देखने वाली बात होगी कि इन आदिवासी समुदाय के लोगों

### पूर्व मंत्री ने शोक व्यक्त किया



**पुष्पांजली टुडे**

मेहगांव में गणेश विसर्जन के दौरान तालाब में डूबने से चार बच्चों के दुःखद निधन पर पूर्व मंत्री माननीय डॉ गोविन्द सिंह लहार विधायक एवं राहुल सिंह भदौरिया शोक संवेदनाएं व्यक्त करने पहुंचे। ईश्वर से प्रार्थना है वे सभी दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिजनों को यह आघात सहने की शक्ति दें।

## कनाडा चुनाव- भारतीय मूल के प्रत्याशियों का जोरदार प्रदर्शन, जगमीत व हरजीत सज्जन सहित 18 जीते

**ओटेवा।** कनाडा संसदीय चुनाव में पीएम जस्टिन टूडो की लिबरल पार्टी को शानदार सफलता मिली है हालांकि अधिकतर सीटों पर बड़ी विजय की उनकी मंशा अधूरी रह गई है। चुनाव में भारतीय उम्मीदवारों का प्रदर्शन भी शानदार रहा। कनाडा के चुनाव में भारतीय समुदाय के 18 उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। यानि भारतीय हाउस ऑफ कॉमन्स में भारतीय-कनाडाई लोगों का एक बड़ा दल होगा। बता दें कि चुनाव नतीजे सामने आने के बाद यह तय हो गया कि जस्टिन टूडो फिर से कनाडा के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। हाल ही में भंग हुए कैबिनेट में शामिल सभी तीन भारतीय-कनाडाई मंत्री विजयी हुए हैं। उनमें न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) के जगमीत सिंह भी शामिल हैं। कनाडा के रक्षा मंत्री हरजीत सज्जन लगभग 49 प्रतिशत वोट शेयर के साथ वैंकूवर दक्षिण से फिर से चुने गए हैं। उनके कार्यकाल में कनाडा के सशस्त्र बलों में एक बड़े यौन उत्पीड़न संकट को लेकर बहुत आलोचना हुई। इंडो-कनाडाई लोगों में मंत्री अनीता आनंद का भी नाम शामिल है। उन्होंने ओकविले, ओन्टेरियो से अपनी सीट बरकरार रखी। वहीं, युवा मंत्री बर्दिश चागर ने भी जीत दर्ज की है। एनडीपी नेता जगमीत सिंह लगभग 38 प्रतिशत वोटों के साथ बर्नाबी साउथ से फिर से चुने गए। हालांकि, उनका ध्यान उनके नेतृत्व वाली पार्टी के राष्ट्रीय प्रदर्शन पर रहा होगा, क्योंकि एनडीपी ने अपना वोट शेयर 2019 में 15.98 से बढ़ाकर 17.7प्रतिशत कर लिया था। हाउस ऑफ़ कॉमन्स में केवल उनकी पार्टी की सीट 24 से बढ़कर 25 हो गई।

# कलेक्टोरेट पहुंचे बाढ़ पीड़ित बोले- साहब, मकान, खेत, फसल सब उजड़ गया, राहत के नाम पर कुछ नहीं मिला

### सरपंच, सचिव, पटवारी कर रहे मनमर्जी, सिलावट बोले- अन्याय नहीं होने दूंगा

**ग्वालियर।** प्रदेश में कोविड के बाद अब जनसुनवाई भी अनलॉक हो गई है। विभागों में शिकायतों को सुना जा रहा था,लेकिन अब औपचारिक रूप से जनसुनवाई शुरू हो चुकी है। जन सुनवाई शुरू होते ही मंगलवार को ग्वालियर कलेक्टोरेट में बाढ़ पीड़ित अपनी फरियाद लेकर पहुंचे हैं। भितरवार के पवाया ब्लॉक निवासी करीब 65 परिवार के लोग कलेक्टोरेट पहुंचे हैं। यहां लोगों ने आर्थिक सहायता नहीं मिलने का आरोप लगाया है। गांव के लोगों का कहना है कि जमीन, मकान,फसल और पूरी गृहस्थी उजड़ गई है, पर सहायता के नाम पर अभी तक 10 किलो आटा ही मिला है। गांव के लोगों ने सरपंच, सचिव और पटवारी पर मनमर्ची करने का आरोप लगाया है। आरोप लगाया है कि अपनी मर्जी से सहायता बांट रहे हैं। अपने लोागें को फायदा पहुंचा रहे हैं। इस मामले में प्रभारी मंत्री सिलावट ने कहा है किसी के साथ अन्याय नहीं होने दूंगा।



ग्वालियर 2 व 3 अगस्त की दरमियानी रात सिंध,पार्वती, नोन नदी में आए उफान आने के बाद डबरा-भितरवार सर्कल के 46 गांव के हजारों लोग प्रभावित हुए थे। बाढ़ में लोगों के मकान, खेत, फसल व गृहस्थी का सामान और मवेशी तक बह गए थे। लोग तिरपाल तानकर रहने को विवश हैं। सरकार और प्रशासन दावा कर रहा है कि हमने बाढ़ पीड़ितों को प्राथमिक सहायता उपलब्ध करा दी है, लेकिन हकीकत कुछ और ही है जो मंगलवार को कलेक्टोरेट की जनसुनवाई में दिखाई दी। यहां भितरवार के पवाया ब्लॉक के बाग के डेरा के 21 परिवार, कुंदार के डेरा के 32 परिवार सहित कुल 65 परिवार के लोग आए हैं।

### पीड़ित परिवारों का यह आरोप

पवाया निवासी कल्याण सिंह ने शिकायत में बताया कि हमें सहायता के नाम पर कुछ नहीं मिला है। आज बाढ़ को आए करीब 50 दिन से ज्यादा हो गए हैं। मिला क्या है सिर्फ 10 किलो आटा, पांच लीटर मिट्?टी का तेल, नमक की थैली। इसके अलावा कुछ सहायता नहीं मिली। दस किलो आटा कितने दिन चलेगा सरकार बताए। पवाया निवासी दीपक ने बताया कि सरपंच मुकेश, सचिव केशव शर्मा, उपसचिव वंदना, पटवारी कोकसिंह, यह लोग अपने लोगों को फायदा पहुंचा रहे हैं। इतना ही नहीं जिनका 10 या 20 प्रतिशत नुकसान हुआ है उनको ज्यादा से ज्यादा राहत राशि मिल गई। हमारा सब कुछ बह गया। हम 50 दिन से तिरपाल में रहे रहे हैं। हमे एक रुपया तक नहीं मिला है। इस पर जनसुनवाई ले रहे एडीएम रिंकेश वैश्य ने पूरे मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। साथ ही सभी के नाम नोट कर उनकी राहत राशि के संबंध में चर्चा करने के बाद निर्णय लेने के लिए कहा है।

### जनसुनवाई में पहुंचे लोग

मंगलवार से प्रदेश सहित ग्वालियर में जनसुनवाई अनलॉक हुई है। जिस कारण जिला प्रशासन,नगर निगम, पुलिस की जन सुनवाई में सैकडों की संख्या में लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे हैं। सबसे ज्यादा शिकायतें घरेलु और पड़ोसियों के बीच झगड़े, उसके बाद सम्पत्ति विवाद की हैं।

## नैनो न्यूज

### प्रभारी मंत्री सिलावट एवं ऊर्जा मंत्री तोमर ने रोड़ शो के मार्गों का लिया जायजा

**ग्वालियर।** केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के ग्वालियर प्रवास के दौरान प्रस्तावित रोड़ शो से संबंधित सभी मार्गों का जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मंगलवार को जायजा लिया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री सिलावट ने पुलिस अधीक्षक सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि रोड़ शो के सभी मार्गों पर व्यवस्थायें पूरी तरह चाक-चौबंद रहें। व्यवस्थायें ऐसी हों, जिससे रोड़ शो भी सुव्यवस्थित ढंग से हो सके। साथ ही शहरवासियों को कोई तकलीफ न हो। उन्होंने बेहतर प्रबंधन के जरिए शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने पर विशेष बल दिया। इस मौके पर पूर्व मंत्री श्रीमती इमरती देवी, पूर्व विधायक मदन कुशवाह, साडा के पूर्व अध्यक्ष जय सिंह कुशवाह व राकेश जादौन, पूर्व जीडीए अध्यक्ष अभय चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी तथा मोहन सिंह राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं पुलिस अधीक्षक अमित सांघी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

**ग्वालियर।** शहर के पुरानी छावनी थाने के स्टोन पार्क के पास रात को अपनी मां के साथ सो रही एक किशोरी के साथ एक युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी भाग निकला। पुलिस ने उसकी तलाश प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार पुरानी छावनी थाने के स्टोन पार्क के पास रहने वाली एक 15 साल की किशोरी बीती रात बपनी मां के पास सो रही थी। तभी रात को लवली बाथम नाम युवक उसके घर में घुस आया और किशोरी के बगल में कपडे उतार कर लेट गया । इसके बाद वह किशोरी के कपडे उतारने लगा तभी लडकी ने शोर मचा दिया तो घर वाले जाग गए । इतने में लवली बाथम किशोरी को घमकी देकर भाग गया। पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश प्रारंभ कर दी है।

### सत्ता और दौलत का फूहड़ प्रदर्शन है सिंधिया का ग्वालियर आगमनः माकपा

**ग्वालियर।** ग्वालियर में 22 सितम्बर को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के आगमन को लेकर जिस प्रकार तैयारियां की जा रही है वह एक प्रकार से सत्ता और दौलत का फुहड़ प्रदर्शन की कहा जा सकता है, माकपा जिला सचिव अखिलेश यादव ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा है कि आज ग्वालियर शहर कोरोना की महामारी में हुई तबाही से कराह रहा है करीब डेढ़ लाख लोगों की नोकरी छूट गई है, ऊपर से महंगाई ने लोगो को बेहाल कर कर रखा है, बेकारी औऱ भुखमरी से लगभग प्रतिदिन एक व्यक्ति आत्महत्या कर रहा है, ग्वालियर के ग्रामीण क्षेत्रों डबरा, भितरवार, मोहना पिछोर इलाके में बाढ़ के कारण हजारो परिवार तबाह हो गए है उनके मकान, मवेशी, बाढ़ में बह गए, ऐसे ग्वालियर में इतना तामझाम उचित नही है, शहर में सड़के सड़के उखड़ चुकी है, स्मार्ट सिटी के धन से अफसर औऱ नेता मालामाल हो चले है, माकपा ने ग्वालियर प्रशासन पर भी आरोप लगाया है कि प्रशासन भाजपा के कार्यकर्ता की तरह काम कर रहा है, विपक्ष कोई गतिविधि करे तो कोरोना आ जाता है, शहर को बैनर औऱ होर्डिंग से पाट दिया गया है लेकिन मदाखलत अमले को ये कुछ भी दिखाई नही दे रहा है, माकपा नेता अखिलेश यादव ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया है कि इस विपदा में तामझाम छोड़कर सादगी से जनता के बीच आने की जरूरत है ऐसी भव्यता निराश उदाश जनता को चिढ़ाती है, ज्योतिरादित्य सिंधिया जी को यह भी समझ लेना चाहिए वे जनता के अपने समर्थकों के महाराज के महाराज हो सकते है लेकिन लोकतंत्र में जनता के सेवक ही है और उसी तरह आचरण भी करना चाहिए।

# जन कल्याण और सुराज के 20 वर्ष के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

### प्रभारी मंत्री श्री सिलावट, ऊर्जा मंत्री तोमर व सांसद शेजवलकर सहित अन्य अतिथियों ने हितग्राहियों को बाँटी आर्थिक सहायता और अधिकार पत्र

**ग्वालियर।** जन कल्याण और सुराज के 20 वर्ष अभियान के तहत मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद विवेक नारायण शेजवलकर व जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव ने लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, कुपोषित श्रेणी से सामान्य श्रेणी में आए बच्चों को पोषण अधिकार पत्र वितरित किए। प्रभारी मंत्री सिलावट सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन एवं कन्यापूजन कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष शहर कमल माखीजानी व ग्रामीण कौशल शर्मा, कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल, संभागीय संयुक्त संचालक महिला-बाल विकास सुश्री सीमा शर्मा व जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



### प्रभारी मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री ने इन हितग्राहियों को दी सहायता

ग्वालियर कलेक्ट्रेट में आयोजित हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर सहित अन्य अतिथियों ने 6वीं, 9वीं, 11वीं व 12वीं कक्षाओं में प्रवेश लेने वाली बालिकाओं को प्रतीक छात्रवृत्ति स्वीकृति पत्र सौंपे। इन बालिकाओं में कु. दीपिका, कु. नीलम, कु. शामिया, कु. गुड़िया व कु. महक शामिल हैं। प्रभारी मंत्री सिलावट एवं अन्य अतिथियों ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत मनीषा, पूजा जाटव, गौरी महेश्वरी व रेणु को पोषण के लिये द्वितीय किस्त के रूप में 2 - 2 हजार

### भाजपा के दोहरे मापदंड , हिन्दू कार्ड खेलने में लगी भाजपा

# मध्यप्रदेश में राजनैतिक परिदृश्य का बदलाव शीघ्रः सज्जन सिंह वर्मा

**ग्वालियर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा है कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद से जहां दो मापदंड हो जाते हैं , वहीं चुनावों से पूर्व भाजपा हिन्दू कार्ड को खेलने लग जाती है। उन्होंने दबी जवान से कहा कि अब मध्यप्रदेश में भी राजनैतिक परिदृश्य बदल सकती है। और यह राजनैतिक परिदृश्य 15-20 दिनों में हो सकता है।



पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा आज यहां कल होने वाले कांग्रेस के प्रदर्शन से पूर्व पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रशासन में दोहरे मापदंड चलाती है। विगत दिनों 22 अगस्त को कांग्रेस जब जन समस्याओं को लेकर धरना दे रही थी तो प्रशासन ने कोरोना गाइड लाइन बताते हुये कांग्रेस जिला इकाई को अनुमति नहीं दी और अब कल 22 सितंबर को जब केन्द्रीय मंत्री का मंत्री बनने के बाद प्रथम बार नगर आगमन हो रहा है तो कोरोना गाइड लाइन को दर किनार कर अनुमति दे दी। उन्होने कहा कि उन्हें या कांग्रेस को उनके स्वागत से कोई सरोकार नहीं है लेकिन दो राजनैतिक दलों को अलग अलग मापदंड गलत हैं। उन्होंने कहा कि इसी दमनकारी नीति को लेकर कल कांग्रेस गांधी उद्यान के पास काली पटटी बांध कर धरना प्रदर्शन करेगी। हालांकि प्रशासन ने अभी तक इसकी अनुमति नहीं दी है। लेकिन उनका कार्यक्रम तय अनुसार ही होगा। उन्होंने कहा कि वह किसी से टकराव नहीं चाहते लेकिन कल कांग्रेस कार्यकर्ता फूलबाग पर धरना प्रदर्शन काली पटटी बांध कर करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया क्यों दर्शन देने आ रहे हैं यह समझ से परे हैं। उन्होंने ग्वालियर चंबल संभाग में बाढ के दौरान जमीन पर कदम नहीं रखा केवल हवाई सर्वे कर चले गये। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि इतना ही नहीं सिंधिया के कार्यक्रम के लिये कोरोना गाइड लाइन के साथ अनुमति दे दी है वहीं सिक्ख समाज के एक बडे कार्यक्रम 400 वां साल का होने जा रहा है उसकी अनुमति जिला प्रशासन नहीं दे रहा है इससे सिक्ख समाज में रोष है। भाजपा चुनाव से पहले धर्म-अधर्म की बात शुरू कर देती है। लेकिन भाजपा शासन में तो धर्म का ही नाश हो रहा है। उन्होंने महंत नरेन्द्र गिरि की हत्या आत्महत्या को लेकर भी तंज कसा और कहा कि जो समाचार आ रहे हैं उससे लगता है कि उनकी हत्या में केन्द्र के ही चंद लोगों का हाथ है। इसमें दूसरा गुट संदेह के घेरे में है। पूर्व मंत्री वर्मा ने कहा कि बीजेपी कहती है कि 70 सालों में कांग्रेस ने क्या किया , उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने देश में हवाई अडडे बनवाये, टेलीकॉम क्रांति की, रेल का जाल बिछाया सबसे बडे फायदे का एलआईसी तैयार किया और अब वही एसेट भाजपा बेच रही है। उन्होंने इंदौर पहुंचे आरएसएस चीफ मोहन भागवत के बयान पर कहा कि अब भागवत कह रहे हैं कि हिन्दु और मुसलमानों का डीएनए एक है। इनकी हर समय परिभाषा बदलती रहती है। यह चिंतन का विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि आरएसएस कहती है कि वह राजनैतिक दल नहीं है और उनके प्रमुख राजनैतिक दल के वकील क्यों बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव से पहले हिन्दुओं को डरा कर डरा रही है। उन्होंने कहा कि बाढ में इतने घर बर्बाद हुये मेरी जानकारी के अनुसार केवल दो प्रतिशत लोगों तक ही सहायता पहुंची। उन्होंने कहा कि 2018 में जनता ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को नकारा, इतना ही नहीं केन्द्रीय मंत्री सिंधिया को भी चुनावों में नकार दिया।

### सिंधिया के करीबी ने राजधानी एक्सप्रेस की चेन पुलिंग की

**ग्वालियर।** दिल्ली से मुंबई जा रही राजधानी एक्सप्रेस में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के करीबी और रिटायर्ड आईएएस प्रशांत मेहता ने चेन पुलिंग कर दी। घटना आगरा कैंट रेलवे स्टेशन की है। ट्रेन के बिना किसी कारण के लेट होने की सूचना ऊपर तक पहुंची तो आरपीएफ के जवानों ने चेन पुलिंग करने वाले यात्री का पता लगाया। वे प्रशांत मेहता के पास पहुंचे तो वे एक मिनट में वर्दी उतरवा दूंगा।के जवानों पर रौब झाड़ने लगे। हजरत निजामुद्दीन-मुंबई राजधानी एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 01222) का आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर दो मिनट का स्टॉपेज है। रविवार को ट्रेन शाम 07.03 बजे कैंट स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची। जब दो मिनट बाद ट्रेन रवाना होने लगी तो अचानक किसी ने चेन पुलिंग कर दी।

# सिंधिया की स्वागत यात्रा, प्रशासन चकरघिन्नी एक दर्जन मंत्रियों ने डाला शहर में डेरा



**ग्वालियर।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री बनने के बाद बुधवार को पहली बार शहर में आ रहे ज्योतिरादित्य सिंधिया के स्वागत के लिए उनके समर्थकों द्वारा जोरदार तैयारी की जा रही है । स्वागत यात्रा मार्ग में 200 सत्कार मंच बनाए गए हैं। जहां सिंधिया का स्वागत किया जाएगा ।22 सितंबर को होने वाली सिंधिया की स्वागत यात्रा की तैयारियों को लेकर जहां भाजपा नेता और कार्यकर्ता जी जान से जुटे हुए हैं वहीं प्रशासनिक अमला भी सड़कों के गड्ढे भरने से लेकर अन्य तैयारियों में चकरघिन्नी बना हुआ है ।सिंधिया की स्वागत यात्रा के चलते शहर में करीब एक दर्जन मंत्रियों ने डेरा डाल दिया है ।कहा जाए तो आधी सरकार शहर में ही नजर आ रही है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत पंचायत मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी मंत्री हरदीप सिंह डंग राजवर्धन सिंह दत्तीगांव लोक निर्माण राज्यमंत्री सुरेश राज खेड़ा नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री को पी एस भदौरिया सहित एक दर्जन मंत्री सिंधिया की स्वागत यात्रा का हिस्सा बनेंगे। सिंधिया की स्वागत यात्रा को यादगार बनाने के लिए जी जान से प्रयास किए जा रहे हैं ।पूरा यात्रा मार्ग दुल्हन की तरह सजा दिया गया है। जगह-जगह बैनर पोस्टर लगाए जा चुके हैं ।सिंधिया समर्थक स्वागत के बैनर पोस्टर लगाने के लिए अब जगह ढूंढ रहे हैं क्योंकि शहर का कोना कोना बैनर पोस्टरों से पहले ही पाट दिया गया है ।वहीं कांग्रेसी सिंधिया की इस स्वागत यात्रा का विरोध कर रहे हैं । सिंधिया की स्वागत यात्रा को राजनीतिक पंडित कुछ अलग ही नजर से देख रहे हैं ।यह यात्रा स्वागत की कम और शक्ति प्रदर्शन की अधिक लग रही है। स्वागत यात्रा के माध्यम से यह जताने का प्रयास किया जा रहा है। कि अब भाजपा में आने के बाद सिंधिया का कद पार्टी में बढ़ गया है ।वहीं अंचल की राजनीति में भी सिंधिया पहले की तरह ही मजबूत हैं।

# न्यूरो संबंधी बीमारियों के कारणों में बदली लाइफ स्टाइल, तनाव भी

**ग्वालियर।** बढती न्यूरो संबंधी बीमारियों का प्रमुख कारण बदलती लाइफ स्टाइल, तनाव , अनियमित खान पान भी है। आम आदमी को न्यूरो संबंधी बीमारियों से बचने के लिये अपनी दिनचर्या में ज्यादा भागदौड से बचना चाहिये। ताकि वह तनाव मुक्त रह सके। उक्त जानकारी आज एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में न्यूरो चिकित्सक डॉ. संतोष त्रिपाठी , लायंस क्लब क्लासिक के नीरज मंगल व आर्टिमिस हास्पीटल गुरूग्राम के विदित माथुर ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि आर्टिमिस मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पीटल गुरूग्राम हरियाणा साथ ही लायंस क्लब ग्वालियर क्लासिक डिस्ट्रिक 3233 ई - 1 एवं मेट्रो हॉस्पीटल ग्वालियर के साथ मिलकर निशुल्क मस्तिष्क (अब ग्रेन टश्रूमर से डरने की जरूरत नहीं) से संबंधित मेडीकल चैकअप कैम्प का आयोजन 23 सितंबर गुरूवार को प्रात- साढे नौ बजे से साढे बारह बजे तक मेट्रो न्यूरो हॉस्पीटल चेतकपुरी ग्वालियर में किया जायेगा। नीरज मंगल व विदित माथुर ने बताया कि इस शिविर में भारत के प्रख्यात चिकित्सक एवं न्यूरो सर्जन डॉ. आदित्य गुप्ता (प्रमुख न्यूरो सर्जरी एंड सीएनएस रेडियोसर्जरी एवं सहायक प्रमुख साइबर नाइफ सेंटर ) प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। इसमें अपने किसी भी ग्रेन संबंधित समस्या जैसे के ब्रेन टयूमर, दिमाग की नयों का गुच्छा होना, चेहरे की नयों में खिंचाव (ट्राइजेमिनल न्यूरालाजिया ) मिर्गी जो कि दवाईयों से ठीक नहीं हो रही हो एवं हाथ या पैरों का बेवजह हिलना आदि बीमारियों के बारे में बताया जायेगा। साथ ही उनके निवारण के लिये निशुल्क कैम्प आयोजित हो रहा है आगे के लिये जो भी बीमारी से संबंधित परेशानी होगी उसको कम से कम खर्चे में आर्टिमिस हॉस्पीटल गुरूग्राम में इलाज के द्वारा निदान किया जायेगा। इस शिविर में चेकअप के लिये जिन लोगों के रजिस्ट्रेशन हो चुके होंगे उन लोगों का चेकअप 23 सितंबर को मेट्रो न्यूरो हॉस्पीटल चेतकपुरी ग्वालियर में किया जायेगा। डॉ. संतोष त्रिपाठी व नीरज मंगल ने बताया कि डॉ. आदित्य गुप्ता उसी दिन बीमारी को ठीक करने के लिये उपयुक्त उपाय के बारे में जानकारी होटल सेन्ट्रल पार्क में देंगे।



# फर्जी वसीयत के आधार पर प्लाट अपने नाम कर बेचा

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक मकान को फर्जी वसीयतनामा बनाकर अपने नाम कराने और किसी अन्य कस्टमर को बेचने का मामला सामने आया है। घटना झांसी रोड के घंटे वाला मोहल्ला की है। धोखाधड़ी की शिकायत रिटायर्ड स्वास्थ्य कर्मचारी ने झांसी रोड थाने में की है। फरियादी का आरोप है कि उसके पिता की 29 साल पहले मौत हो चुकी है। ऐसे में उनकी मौत के बाद कैसे वसीयतनामा बन गया। प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने पड़ोसी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। अब मामले की जांच की जा रही है। गोल पहाडिया़ निवासी 65 वर्षीय रामलाल पुत्र किशन लाल बाथम रिटायर्ड स्वास्थ्य कर्मचारी है। उनका एक मकान झांसी रोड के घंटे वाले मोहल्ला में है। जिसे उनके पिता किशन लाल उर्फ कृष्णा बाथम ने वर्ष 1947 में देश के आजाद होने के बाद श्रीलाल बाथम से खरीदा था। काफी समय तक उनका परिवार वहां रहा, लेकिन कुछ साल पहले मकान गिर गया तो वह ताला लगाकर गोल पहाडिया़ स्थित गिर्राज कॉलोनी में रहने आ गए। इसी बीच वर्ष 1992 में उसके पिता का देहांत हो गया। अभी एक साल पहले उसे पता चला कि उनके मकान पर पड़ोसी मनोज प्रजापति ने कब्जा कर लिया है। इसका पता चलते ही वह मौके पर पहुंचे और जानकारी की तो मनोज ने आसपास के लोगों को यह बताया था कि रामलाल के पिता ने उसके नाम यह मकान किया था। जिस पर साफ हो गया कि उसने उनके पिता का फर्जी वसीयतनामा बनाकर मकान अपने नाम कराया है। इसका पता चलते ही उसने विरोध किया तो आरोपी ने धमकाकर भगा दिया।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478